दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 10 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 347 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# गाजियाबाद हिंडन एयरबेस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जनप्रतिनिधियों ने किया वेलकम

















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से उन्हें हरियाणा के लिये जाना था। हिंडन एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग दोपहर डेढ़ बजे भाजपा जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात की। उनसे मुलाकात करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, एमएलसी दिनेश गोयल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, मयंक गोयल, पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों का अभिवादन स्वीकार किया और हरियाणा के लिये रवाना हुए।

## वन नेशन, वन इलेक्शन पर इसी सत्र में बिल ला सकती है केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान ही 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल संसद में पेश कर सकती है। बताया जाता है कि सरकार ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

इससे पहले कैबिनेट ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को पहले ही मंजूरी प्रदान कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार अब विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है। इसी के साथ व्यापक चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है।

सरकार यह भी सुझाव दे सकती है कि विधेयक पर विस्तार से चर्चा हो और सभी विधानसभाओं को चर्चा में भाग लने के लिए कहा जाए। हालांकि अभी इस पर फैसला लिया जाना है कि यह एक व्यापक विधेयक होगा या फिर कई विधेयक, जिनमें संवैधानिक संशोधन का सुझाव भी सम्मिलित होगा।

**वन नेशन वन इलेक्शन की राह सरल नहीं :** गौरतलब है कि केंद्र सरकार शुरू से ही वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्षधर रही है। परंतु मौजूदा व्यवस्था को बदलना भी काफी चुनौतीपूर्ण काम है। इसके मद्देनजर आम सहमति अति आवश्यक है। देश में वन नेशन, वन इलेक्शन को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करना होगा, और इसके लिए करीब 6 विधेयक लाने पड़ेंगे। साथ ही इन सभी विधेयकों को संसद में पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की भी आवश्यकता होगी।

वहीं दोनों ही सदनों में एनडीए के पास सामान्य बहुमत है। इस वजह से लोकसभा या राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत हासिल करना सरकार के लिए कठिन काम होगा। अभी के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्यसभा में एनडीए के पास 112 तो विपक्षी दलों के पास 85 सीटें हैं। वहीं विधेयक को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत यानी 164 मतों की जरूरत होगी।

## मंडल वाली ताजपोशी को लेकर भाजपा की संगठन वाली बैठक आज गाजियाबाद में




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनावों के बाद भाजपा अब संगठन चुनावों में लगी है। पार्टी के लोकतांत्रिक स्वरूप के लिये भाजपा बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति भी चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से करती है। ये पार्टी की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रणाली का प्रतिबिंब है। भाजपा में इन दिनों संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है और फिर मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद महानगर और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति होगी। संगठन की दृष्टि से ये अहम पड़ाव है और ये वो मोड़ है जहां से कई भाजपा नेताओं का करियर शुरू होता है, कई चेहरों की संगठन वाली पारी शुरू होती है। संगठन की दृष्टि से आज का दिन गाजियाबाद की भाजपा के लिये खास है। संगठनात्मक दृष्टि से आज गाजियाबाद में बैठक का आयोजन है। इस बैठक में संगठन चुनाव से संबंधित विषयों पर आगे की कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलेगा। गाजियाबाद में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री तथा केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े बैठक लेंगे। यहां कई संगठन पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के

### दोपहर बारह बजे एचएलएम इंस्टीट्यूट में होगी संगठन पर बैठक

करंट क्राइम। भाजपा की संगठन पर क्षेत्रीय बैठक आज दोपहर बारह बजे एचएलएम इंस्टीट्यूट में होगी। इस बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तथा केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े संबोधित करेंगे। इस बैठक में जिला, महानगर, क्षेत्रीय के कई पदाधिकारी रहेंगे। दोपहर बारह बजे बैठक शुरू होगी। बताया जाता है कि बैठकों का ये दौर आज पूरे उत्तर प्रदेश में रहेगा। पश्चिम के अलावा बृज क्षेत्र की बैठक आगरा में होगी जिसे प्रदेश सहप्रभारी संजय भाटिया लेंगे। कानपुर क्षेत्र की बैठक कानपुर में होगी। इस बैठक को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी संबोधित करेंगे। अवध क्षेत्र की बैठक लखनऊ में होगी और इसे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल संबोधित करेंगे। काशी क्षेत्र की बैठक वाराणसी में होगी और इसे प्रदेश सहप्रभारी संजीव चौरसिया लेंगे। गोरखपुर क्षेत्र की बैठक गोरखपुर में होगी और इस बैठक को प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्रनाथ पांडेय संबोधित करेंगे।

### जिला प्रभारी से लेकर जिला चुनाव अधिकारी तक ये चेहरे रहेंगे बैठक में अपेक्षित

भाजपा में संगठन संस्कृति में अपेक्षित और उपेक्षित का बड़ा महत्व है। वो संगठन संस्कृति से परिचित हैं, वो अपेक्षित शब्द का अर्थ जानते हैं। आज होने वाली बैठक में अपेक्षित कार्यकताओं में प्रदेश सहचुनाव अधिकारी, पर्यवेक्षक क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला चुनाव अधिकारी, जिला सहचुनाव अधिकारी और मंडल संगठन पर्व सहयोगी यानि चुनाव अधिकारी रहेंगे। बैठक की तैयारियां पूरी की गई हैं।

### क्या अधिवक्ताओं की हड़ताल पर इसी हफ्ते आएगा बड़ा फैसला

## शीतकालीन अवकाश से पहले निपट जाएगा हड़ताली मैटर!

### मंगलवार को भी जारी रहेगी वकीलों की हड़ताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर चले अधिवक्ताओं की हड़ताल कलमबंद हो चुकी है। सोमवार को भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। इस दौरान टाइपिस्ट व स्टांप वेंडरों का कामकाज भी बंद रहा। तो वहीं मंगलवार को भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और अमित कुमार नेहरा सचिव ने इसे जारी रखने की घोषणा की है।

वहीं अधिवक्ताओं के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद और जिले के कुछ न्यायिक अधिकारियों के बीच सुलह की बातचीत शुरू हुई है, जो जल्द ही निर्णायक मोड पर पहुंच सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि 25 दिसंबर से गाजियाबाद कोर्ट में शीतकालीन अवकाश शुरू होना है और उससे लगभग 10 दिन पहले यह है हड़ताल समाप्त करने पर सहमति बन सकती है। हालांकि सोमवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों की जो बैठक हुई है, उसमें निर्णय किया गया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद अभी अपनी




### क्या बातचीत से हल निकालने का सफल रहेगा प्रयास

करंट क्राइम : सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिला जज द्वारा बार एसोसिएशन के पास बातचीत का प्रस्ताव एक जज के माध्यम से भेजा गया है। इस पर कितनी बातचीत बनती है यह तो आने वाले दिनों में साफ होगा, मगर सूत्र बता रहे हैं कि जिला जज के कहने पर वकीलों के ऊपर अबतक कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। जिससे कुछ अधिवक्ता बेहद नाराज हैं और यही बातचीत शुरू नहीं होने की वजह बना हुआ बताया जा रहा है। उधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि 14 दिसंबर तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद इस मामले को लेकर कोई बड़ा फैसला भी ले सकती है। बता दें कि लगभग 42 दिनों से बार एसोसिएशन गाजियाबाद और अधिवक्ताओं की हड़ताल चल रही है, जो कभी कलम बंद रहती है। तो कभी विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन का रूप ले लेती है।




### घोषित क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता राहुल कुमार कोको और संजय गांधी

करंट क्राइम : मंगलवार को चेंबर नंबर 151 से चैंबर 400 तक के अंतर्गत आने वाली सभी अधिवक्तागण धरना स्थल पर उपस्थित रहेंगे। वकीलों के मानसम्मान के लिए अधिवक्ता संजय गांधी और राहुल कुमार कोको द्वारा सोमवार को क्रमिक अनशन किया गया, जो मंगलवार को भी पूर्व घोषित क्रमिक अनशन के रूप में जारी रहेगा।

## विशेष सुरक्षा जोन में तब्दील रहा हिंडन एयर बेस का स्थान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करने पहुंचे। राजस्थान से विमान से दोपहर करीब डेढ़ बजे गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां से हेलीकाप्टर से पानीपत के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री का यहां पर जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

### सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सोमवार सुबह नौ बजे से ही ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया था। पानीपत तक के लिए कंटीजेंसी रूट भी तैयार किया गया था। इस पर भी पुलिसबल व पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। एयरफोर्स स्टेशन के आसपास व छतों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

### सीपी से लेकर डीएम तक रहे मौजूद

करंट क्राइम : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त अजय मिश्र, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, प्रोटोकाल आनंद कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय समेत कई इंस्पेक्टर व ट्रैफिक इंस्पेक्टरों को लगाया गया था। खुफिया विभाग भी सक्रिय रहा। पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। नगर निगम की ओर से विशेष साफ सफाई कराई गई थी और पानी का छिड़काव कराया गया।

## डीएनए टेस्ट से खुलेगा पाइप में फंसे भ्रूण का राज, नौ किराएदार परिवार आएंगे जांच घेरे में



**- इंदिरापुरम पुलिस कर रही है मामले की जांच**

**- जल्द खुलेगा राज भ्रूण लड़के या लड़की का**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के प्रहलादगढ़ी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक मकान के टॉयलेट पाइप लाइन में भ्रूण फंसा मिला है। भ्रूण फंसा होने की जानकारी मकान मालिक ने पानी की निकासी नहीं होने पर पाइप कटवाया तो उसे यह जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत इंदिरापुरम पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और उसने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां से आगे की जांच कराई जाएगी। फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भ्रूण लड़के का है या लड़की का लेकिन पुलिस इस पूरे मामले में डीएनए टेस्ट करवाने की बात कर रही है। एसीपी

### नौ किराएदार आए पुलिस की रडार पर

करंट क्राइम : इंदिरापुरम पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल अभी पुलिस की पूरी जांच नौ किरायेदारों के इर्द-गिर्द चल रही है। पुलिस इस मामले में यह भी जांच करेगी कि जो टॉयलेट पाइप लाइन में फंसा हुआ भ्रूण मिला है, वह एक दुर्घटना है या किसी की साजिश का मामला है। इस मामले में पुलिस जल्द ही भ्रूण को डीएनए टेस्ट के लिए भेजेगी। बताया जा रहा है कि जो भ्रूण मिला है वह लगभग 5 महीने का है। बताया जा रहा है जिस मकान की पाइपलाइन में यह है 5 महीने भ्रूण मिला है, उस मकान में नौ किराएदार रहते हैं।

### पुलिस कर रही है किरायेदारों से अलग-अलग पूछताछ

करंट क्राइम : लगभग पांच महीने का भ्रूण किस परिवार का है, पुलिस के लिए इसकी जांच करना किसी पहली से कम नहीं है। पुलिस पड़ोसियों और किराएदारों से पूछताछ कर रही है। तो वहीं आसपास की दुकानों पर आने वाले लोगों से भी इनपुट जुटाने का काम किया जा रहा है। वहीं महिलाओं के अलग से भी बयान दर्ज करने की बात पुलिस के अधिकारी कर रहे हैं। देखना होगा पुलिस अपनी जांच से इस पूरे केस को खोलती है या डीएनए की रिपोर्ट ही इस केस की कहानी व राज खुलेगा।

# पीएम मोदी ने की बीमा सखी योजना की शुरूआत

## गरीबी को मिटाने में अहम भूमिका निभाएगी, उत्तर भारत ऊर्जा का स्रोत



### नायब सैनी की पूरे देश में प्रशंसा

पीएम ने कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनाई, इसके लिए मैं हरियाणा के हर परिवारजन का वंदन करता हूं। सैनी की नई सरकार को बने हुए अभी कुछ हफ्ते ही हुए हैं और उनकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। सरकार बनने के तुरंत बाद जिस तरह यहां बिना पर्ची बिना खर्ची के हजारों युवाओं को पक्की नौकरियां मिली हैं, वह देश ने देखा है। अब यहां डबल इंजन की सरकार डबल रफ्तार से काम कर रही है। चुनाव के दौरान आप सभी माताओं बहनों ने नारा दिया था म्हारा हरियाणा नान स्टॉप हरियाणा। उस नारे को हम सभी ने अपना संकल्प बना दिया है।

### भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा-पीएम

पीएम ने कहा कि कुछ साल पहले मुझे यहां पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक परिणाम हरियाणा के साथ पूरे देश में हुआ। अकेले हरियाणा में इस योजना के तहत हजारों बेटियों का जीवन बचा है। इसी धरती से बीमा सखी योजना का शुभारंभ हुआ है। यानी पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है।

**हरियाणा।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी' योजना लॉन्च की। इससे पहले रिमोट का बटन दबाकर करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी यूनिवर्सिटी के मुख्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत के सेक्टर-13-17 मैदान से बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। पीएम ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में बीमा सखी योजना शुरू की। बीमा सखी योजना कार्यक्रम का थीम भी स्वावलंबी नारी खुशहाली हमारी रखा था। इस दौरान पीएम के साथ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल समेत तीन केंद्रीय मंत्री भी पहुंचे। वहीं, प्रधानमंत्री मंच से हरियाणा, हिमाचल और त्रिपुरा की महिलाओं को बीमा सखी योजना का पत्र दिए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महिला विकास की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज 9 तारीख है। शास्त्रों में नौ अंक को बहुत शुभ माना जाता है। नौ अंक नव दुर्गा की नौ शक्तियों से जुड़ा है। हम सब साल में शक्ति की उपासना करते हैं। आज का दिन भी नारी शक्ति की उपासना जैसा ही है। आज नौ दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है। विश्व को नीति और धर्म का ज्ञान देने वाली महान धरती पर आज के दिन आना और भी सुखद है। इस समय कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव भी चल रहा है। मैं गीता की इस धरती को प्रणाम करता हूं। पीएम ने कहा कि मैं पूरे हरियाणा को यहां के देशभक्त लोगों को राम राम करता हूं। हरियाणा ने एक हैं तो सेफ हैं के मंत्र को जिस तरह अपनाया है, वह देश में उदाहरण बना है। सैनी की सरकार को बने अभी कुछ हफ्ते ही हुए हैं, लेकिन प्रशंसा पूरे देश में हो रही है भाजपा ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने का काम किया-पीएम उन्होंने कहा कि जब नारी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तो वह देश के सामने अवसरों के नए द्वार खोल देती है। लंबे समय तक हमारे देश में अनेक ऐसे काम हुए जो महिलाओं के लिए वर्जित हैं।

# बीजेपी की साजिश के खिलाफ आप की हुंकार हर विधानसभा में उतारी पांच-पांच टीमें



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने वोटर जागरूकता अभियान शुरू किया है। जिन लोगों के वोटर आईडी कार्ड से नाम काटने वाले लोगों से संपर्क किया जाएगा। भाजपा के चुनावी फजीवाड़े के खिलाफ आप पार्टी मैदान में उतरी है। इतना ही नहीं हर विधानसभा में टीमें उतारी हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने चुनाव की तैयारियां तेज कर ली है। इसी कड़ी में आप का वोटर जागरूकता अभियान शुरू हो गया है। आप ने दिल्ली की हर विधानसभा में पांच-पांच टीमें उतारी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में मतदाता सूची से करीब 30 लाख नाम काटे जाने का आरोप है।

### आप का भाजपा पर निशाना

आम आदमी पार्टी ने कहा कि ये सारी साजिश भाजपा की है। यह लोकतंत्र पर हमला है। इस मुद्दे पर आप ने संपर्क अभियान शुरू किया है। जिसमें हर विधानसभा क्षेत्र में पांच टीमें तैनात की गई हैं। आप ने हर विधानसभा में पांच टीमें उतारी हैं, जो घर-घर जाकर उन मतदाताओं से संपर्क कर रही हैं। जिनके नाम सूची से गायब हैं।

कार्यकर्ता मतदाताओं को फॉर्म-6 भरने और नाम वापस जोड़ने की प्रक्रिया समझा रहे है। पार्टी ने आगे कहा कि भाजपा जानबूझकर दिल्ली के गरीब, अल्पसंख्यक और झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले तथा आप समर्थक वाले लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा रही है। आप ने दावा किया कि भाजपा चुनावों को प्रभावित करने के लिए यह रणनीति अपना रही है। आप की डिजिटल टीम ने मतदाता सूची के आंकड़ों का विश्लेषण कर उन क्षेत्रों की पहचान भी कर ली है। जहां पर बड़े स्तर पर नाम काटे गए हैं। गड़बड़ी वाले सेक्शन 174, 196, 217, 318 डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके मतदाताओं को उनकी वोटर आईडी की स्थिति की जांच करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### मतदाताओं से जुड़ाव

आप का यह अभियान मतदाताओं के साथ संवाद स्थापित करने और उन्हें उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। इसके लिए पार्टी ने दिल्ली की हर विधानसभा में पांच टीमें उतारी हैं। कुल 75 टीमें हैं। जो इन परिवारों से संपर्क करेंगी।

# अवैध नशे के कारोबार को बंद कराने की मांग करते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा को सौंपा ज्ञापन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम )।** नारी जागरण विकास संस्थान ने अवैध नशे के कारोबार को बंद कराने की मांग करते हुए एक ज्ञापन शहर विधायक संजीव शर्मा को सौंपा। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष लज्जा यादव ने नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा का स्वागत किया और उन्हें बधाई शुभकामनाए दी। संस्था की जिला अध्यक्ष राकेश डोगरा ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान चला कर युवा पीढ़ी को सुधार की राह पर ले जाना हमारा उद्देश्य है।

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

## स्कूल के स्थापना दिवस पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'रेनबो- द स्पेक्ट्रम ऑफ लाइफ ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अथिति जेके यादव (निदेशक, सी टेट), सीबीएसई तथा गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ.देवेंद्र पाठक, पूर्व कुलपति, शिमला विश्वविद्यालय , स्कूल चैयरमेन प्रशांत कुमार गर्ग, प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी व कनिका गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम बच्चों के आर्केस्ट्रा के साथ स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्या डॉ. माहेश्वरी ने विद्यालय की एनुअल रिपोर्ट पढ़ी गयी जिसमें पूरे वर्ष के शैक्षिक तथा अन्य गतिविधियों में मिली उपलब्धियों को दिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व स्कोलेस्टिक अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 बच्चों को उनकी प्रतिभा व रेगुलरिटी के लिए प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही दस बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कॉलर ब्लेजर दिए गए। बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अथिथि जे.के.यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि एक थीम के तहत इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही एक प्रबल सन्देश के वाहक होते हैं। चैयरमेन प्रशांत गर्ग ने सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# मोदीनगर तहसील के अधिवक्ता रहे न्यायिक कार्य से विरत, गाजियाबाद बार एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन मोदीनगर की कार्यकारणी की आम सभा में यह एजेंडा तय किया गया, कि जब तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद हड़ताल पर है,तब तक मोदीनगर तहसील में स्थित ग्रामीण न्यायालय, उपजिलाधिकारी न्यायालय व सभी प्रकार के तहसील न्यायालयों में कार्य नहीं किया जायेंगा।

इस दौरान आम सभा की बैठक का संचालन सचिव सौरभ मुदगल ने किया।

बैठक में इन्द्रपाल सिंह निर्वाण, जगपाल सैनी, दयाराम गौतम, बालेश्वर शर्मा, जगवीर सिंह, श्रीओम त्यागी, अशोक चौधरी, सचिन शर्मा, ओमवीर सिंह, धर्मप्रकाश, सुदेश शर्मा, राजकुमार त्यागी, अनुराग गुप्ता, नवीन जयसवाल, अतुल कुमार, विनोद तेवतिया, प्रवीण कुमार, कुलदीप बंसल, अजीत कुमार, तेजवीर सिंह, नरेन्द्र नेहरा, रामकुमार चौधरी, रविन्द्र चौधरी, राजकुमार गुप्ता, योगेन्द्र, अमरदीप नेहरा, धीरज कौशिक, सेहन्सरपाल सिंह, निशान्त त्यागी, सचिन दीक्षित, संजीव चिकारा, प्रेमवीर राठी, वीरेन्द्र सिंह, अजय शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, विक्रान्त चौधरी, रणवीर सिंह बैंसला, सुनील तेवतिया, अयागुद्दीन खान, उन्मेश शर्मा, चौधरी ब्रजवीर सिंह, अर्जुन शर्मा, आशीष नरेश आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हिंडन नदी में भी प्रदूषण, यूपी के मुख्य सचिव व अन्य को एनजीटी का नोटिस



**नई दिल्ली।** एनजीटी ने हिंडन नदी में बढ़े प्रदूषण को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी किया है। सभी से जवाब भी मांगा है। इन सभी को सुनवाई से पहले अपना जवाब देना होगा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने हिंडन नदी के प्रदूषण पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

एनजीटी ने मामले की 19 मार्च 2025 की सुनवाई से पहले संबंधित अधिकारियों को जहरित निकाय ने औद्योगिक अपशिष्टों के निर्वहन और पर्याप्त सीवेज उपचार सुविधाओं की कमी की वजह से नदी में हो रहे प्रदूषण पर एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 27 नवंबर को दिए आदेश में कहा कि सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली और सात जिलों से होकर बहने वाली 400 किलोमीटर लंबी वर्षा आधारित नदी अपने किनारे के 1.9 करोड़ लोगों की आबादी का भरण-पोषण करती है, लेकिन नदी जहरीली हो गई है। नदी में 357 उद्योगों से रोजाना 72,170 किलोलीटर से अधिक औद्योगिक अपशिष्ट और हर दिन 94.3 करोड़ लीटर घरेलू सीवेज घुलता है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचे की वजह से 22 करोड़ लीटर से अधिक पानी अनुपचारित रहता है। खबर का हवाला देते हुए एनजीटी की पीठ ने कहा कि प्रदूषण की गंभीरता नदी की लगातार खराब जल गुणवत्ता मीट्रिक में दिखाई देती है। एनजीटी ने कहा कि यह मामला जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन की तरफ इशारा करता है। हरित निकाय ने इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रतिवादी बनाया है।


# एमपी शिक्षा परिषद का मुख्य महोत्सव आज, सीएम योगी करेंगे अध्यक्षता



**गोरखपुर।** संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह की पुस्तक ह्यशिक्षा की भारतीय अवधारणाह्ल का विमोचन किया जाएगा। यह पुस्तक प्राचीन काल से शिक्षण पद्धति का विश्लेषण करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित करती है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कालेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस वर्ष पर परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था।

## मल्लिकार्जुन खरगे का पीएम मोदी पर हमला

**नई दिल्ली।** रविवार को हालात तब बिगड़ गए जब पुलिस ने किसानों का पहले फूल बरसाकर स्वागत किया, लेकिन जब वह बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे तो आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। इससे कई किसान घायल हो गए। अब कांग्रेस ने केंद्र पर हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को कहा कि किसान न्याय की गुहार लगा रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार ने उन्हें बार-बार धोखा दिया है।




# बर्फबारी से 87 सड़कें और 457 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

**शिमला।** शिमला समेत हिमाचल के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है, जबकि कांगड़ा, कुल्लू और बिलासपुर के नयना देवी में बूंदाबांदी हुई है। बर्फबारी से राज्य में राज्य में एक नेशनल हाईवे व 87 सड़कें व 457 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। हिमाचल प्रदेश में लंबे समय बाद मौसम ने करवट बदली। रविवार को शिमला समेत हिमाचल के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है, जबकि कांगड़ा, कुल्लू और बिलासपुर के नयना देवी में बूंदाबांदी हुई है। शिमला, कुफरी, सिरमौर के चूड़धार, नौहराधार, हरिपुरधार, चंबा के किलाड़ और मंडी के शिकारी देवी, कमरूनाग और शैटाधार में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। सिरमौर के छितकुल और किन्नौर कैलाश, लाहौल-स्पीति में रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, कुंजुम दर्रा समेत ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हुई है। धर्मशाला के नड्डी और मैक्लोडगंज में फाहे गिरे। बर्फबारी के बाद सोमवार सुबह शिमला में हल्की धूप खिली, लेकिन दुश्वारियां बरकरार हैं। ताजा बर्फबारी के बाद सोमवार सुबह 10:00 बजे तक राज्य में एक नेशनल हाईवे व 87 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप रही। वहीं सोलन, शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, चंबा, सिरमौर जिले में 457 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। रोहतांग सहित कोकसर में

## 10 स्थानों पर न्यूनतम पारा माइनस में



रविवार सुबह भी हल्की बर्फबारी हुई।

### रोहतांग, कोकसर में फिर बर्फबारी मनाली-केलांग बस सेवा बंद

उधर, रोहतांग सहित कोकसर में रविवार सुबह भी हल्की बर्फबारी हुई है। मौसम को देखते हुए पर्यटकों की अटल टनल रोहतांग की तरफ आवाजाही को फिलहाल रोक दिया गया है। ऊंची चोटियों पर एक दिन पहले हुई बर्फबारी के बाद मनाली व केलांग के बीच बस सेवा बाधित है। फिलहाल निगम की बसें न तो लाहौल भेजी जा रही हैं, न ही लाहौल से मनाली की ओर बसें आई हैं। कुल्लू व लाहौल में सोमवार को भी मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। सिरमौर जिले में हल्की बर्फबारी से तापमान में आई गिरावट, किसानों की उम्मीदें बढ़ीं जनपद सिरमौर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट आ गई है। वहीं लंबे अरसे से बारिश और बर्फबारी की बाट जोह रहे किसानों और बागवानों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। गौरतलब है कि पिछले करीब ढाई महीने से जिले में बारिश नहीं हुई है। इसके चलते किसानों और बागवानों को परेशानियां झेलनी पड़ रहीं। बारिश नहीं होने से गेहूं, लहसुन और गुठलीधार फलों के बागीचे बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे।

### शीतलहर बढ़ी, सड़कों पर फिसलन

बर्फबारी से ऊपरी शिमला के लिए भी यातायात प्रभावित है। सड़क पर बर्फ जमने से फिसलन ज्यादा है। गाड़ियां स्किड हो रही हैं। प्रशासन ने वाहन चालकों को सावधानी बरतने व जरूरी होने पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। उधर, बर्फबारी के बाद अधिकतर क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकांश स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से 3-4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। 10 स्थानों पर न्यूनतम पारा माइनस में दर्ज किया गया है। अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इसके बाद तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

### आज भी बारिश-बर्फबारी के आसार

कोकसर में 6.7, खदराला 5.0, सांगला 3.6, चौपाल 4.0, गोंदला 2.5, कल्पा 1.8, पूह 1.0, केलांग 3.0, निचार और शिमला में 2.5 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं कंडाघाट में 2.2, नयना देवी और कसौली 2.0, जुब्बड़हट्टी 1.9, मंडी 1.4, सोलन 0.6 व सुंदरनगर में 0.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज भी लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। । 10 से 15 दिसंबर तक राज्य में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। 10 व 11 दिसंबर को भाखड़ा बांध (बिलासपुर) और बल्ह घाटी (मंडी) के जलाशय क्षेत्र के कई हिस्सों में सुबह व शाम को घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।




# कौन तोड़ रहा है लगातार भाजपा नेत्री प्रीति चंद्रा की कार का शीशा

## परेशान भाजपा नेत्री ने छोड़ दिया कार शीशा ही बदलवाना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये कहानी एक ऐसी सोसायटी की है जिसमें सभी संभ्रात और शिक्षित लोग रहते हैं। ये कहानी सरकार वाले दल की महिला भाजपा नेता की है



और कहानी में भाजपा महिला नेता की कार है। उनकी कार की शीशा कोई लगातार तोड़ रहा है और इसकी शिकायत भी पुलिस में दर्ज कराई गई है। भाजपा नेत्री ने ही बताया कि जब तीन बार उनकी कार का शीशा तोड़ा गया तो अब परेशान होकर उन्होंने कार का शीशा ही बदलना छोड़ दिया है। बताया जाता है कि कहानी में भाजपा के स्टीकर का भी पेंच है। किस्सा क्रॉसिंग में रहने वाली भाजपा की महिला नेता प्रीती चंद्रा राय से जुड़ा है। प्रीती चंद्रा राय अब चुनावों में चुनाव प्रचार की महानगर संयोजिका रही है। वो भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री रही हैं। प्रीती चंद्रा राय अपने परिवार सहित क्रॉसिंग की एक प्रतिष्ठित एक सोसायटी में रहती है। उनकी कार का शीशा तीन बार टूट चुका है। खास बात ये है कि हर बार शीशा फ्रंट का ही टूटता है। कौन है जो उनकी कार का शीशा तोड़





रहा है। करंट क्राइम से मुलाकात में प्रीती चंद्रा राय ने बताया कि जहां वो कार खड़ी करती हैं वहां दो सड़क है, रोड डिवाइडर है और उनका कहना है कि चार दिन पहले ही उन्होंने अपनी कार का शीशा बदलावा था, लेकिन वो फिर से टूट गया। उन्होंने कहा कि अब मैं टूटे हुए शीशे के साथ ही कार लेकर जाती हूं। मेरे पास अर्टिगा कार है और मैंने शीशा बदलावा ही छोड़ दिया। घटना की सूचना पुलिस में दिये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस में तहरीर दी थी। जहां पर कार खड़ी होती है वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं है और अब यहां सीसीटीवी भी लगवाया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास धमकी भरे कॉल भी आए थे। बहरहाल अब भाजपा की महिला नेता अपनी कार में टूटे हुए शीशे के साथ ही घूम रही हैं। जो शख्स उनकी कार का शीशा तोड़ रहा है उसका पता नहीं चल पाया है।

# कुछ तो है पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर में बात

## जब मुलाकात में पकड़ लिया पीएम नरेंद्र मोदी का गुरुजी ने हाथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हिंडन एयरबेस पहुंचे। दरअसल प्रधानमंत्री को यहां से हरियाणा जाना था और भाजपा में सम्मान की एक परिपाटी है और ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की खूबी है वो कार्यकर्ता से मिलने का समय जरूर निकालते हैं। लिहाजा जब वो हिंडन एयरबेस आए तो यहां पहले से ही भाजपा के जनप्रतिनिधियों को मुलाकात के लिये बुलाया गया। प्रधानमंत्री के आने से पहले ही जनप्रतिनिधि यहां पहुंच गये थे। इनमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कैबिनेट मंत्री मौजूद थे। मुलाकात के फार्मेट में सभी प्रधानमंत्री का अभिवादन हाथ जोड़कर कर रहे थे, लेकिन मुलाकात के बाद बाहर आई एक फोटो ने सबको चौंकाया।



ये फोटो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर की थी। इस फोटो में वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर रहे है, लेकिन ये फोटो सबसे अलग है। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर चार बार के सांसद हैं और ये जाहिर सी बात है कि वो भाजपा के पुराने चावल हैं। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत पहले से जानते हैं। शायद तभी भगवा इतिहास में ये नजारा हिंडन ऐयरबेस में दिखाई दिया। ये सीन बड़ा है क्योंकि प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल बड़ा है। उनसे मुलाकात की अपने नियम हैं। सभी ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया, लेकिन जब बारी पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर की आई तो यहां जब प्रधानमंत्री उनके पास पहुंचे तो गुरुजी ने उनका अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मीय भाव के साथ हाथ पकड़ लिया। यहां रिश्तों में गर्मजोशी व आत्मीयता दिखाई दी। करंट क्राइम ने जब मुलाकात और हाथों में हाथ वाली बात पर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर से बात की तो वो मुस्कुराए और उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री अपने कार्यकताओं से स्नेह रखते हैं। करंट क्राइम ने यहां पूर्व सांसद गुरुजी से जब ये पूछा कि इस मुलाकात में क्या बात हुई तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवार के हालचाल पूछे। बहरहाल प्रधानमंत्री के साथ पूर्व सांसद का ये फोटो और हाथों में हाथ बताने के लिये काफी है कि रिश्तों में मिठास है और वास्तव में गुरुजी में कुछ तो खास है।

# क्या भाजपा पार्षद के लिए आक्रोश बनेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम इन दोनों सिटी जोन व कवि नगर जोन में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रहा है। तो नगर निगम का बुलडोजर अतिक्रमण को खत्म करने का काम भी कर रहा है। निगम के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि बाजारों में अतिक्रमण मुक्त करने में व्यापारियों का सहयोग मिल रहा है।

तो वहीं जुमार्ना भी वसूला जा रहा है। बता दें कि सोमवार को शास्त्री नगर, महेंद्रा एंक्लेव और मुख्य शास्त्री नगर मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम सोमवार को आई लेकिन शनिवार दोपहर से ही पूरे इलाके में दुकान अवैध रूप से लगाने वाले लोग अलर्ट हो गए थे। वहीं सोमवार को नजारा ऐसा था कि अधिकांश दुकानें खुली नहीं और लगी नहीं। तो वहीं नगर निगम की टीम ने महेंद्रा एंक्लेव और शास्त्री नगर में कई स्थानों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से हटाने का काम किया है।

### व्यापारी हुए एकजुट, दिख रही है नाराजगी

**करंट क्राइम।** निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर सूत्र बता रहे हैं कि स्थानीय पार्षद अतिक्रमण की कार्रवाई होने के दौरान और बाद में व्यापारियों के बीच गए थे। जहां उनका व्यापारियों की नाराजगी भी देखने को मिली है। हालांकि नगर निगम का कहना है कि जो कार्रवाई हुई है वह नियमानुसार हुई है। जहां अवैध निर्माण था बुलडोजर ने वहीं पर अपना काम किया है। इन सबके बीच चर्चा हो रही है कि स्थानीय पार्षद के लिए आक्रोश वाली कहानी नुकसान का कारण न बन जाए।

# साधु-संतों ने निकाली गौ हत्या रोकने के लिए कलेक्ट्रेट तक पैदल यात्रा

## सीएम योगी से की मीट फैक्ट्री पर बुलडोजर चलाने की मांग, बने कानून



### - साधु संतों ने लगाए नारे, बंद हो गो हत्या और गौ मांस की बिक्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा के साथ महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती, साध्वी चेतन मां सहित बड़ी संख्या में साधु-संतों ने हाथ में गौ हत्या बंद करने, गौ मांस की बिक्री रोकने और गौ मांस की फैक्ट्री संचालित करने वाले इलाकों में बुलडोजर चलाने की मांग की है। साथ ही जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर मांग की गई है कि जिस तरीके से प्रदेश में निर्मम तरीके से गौ हत्याएं की जा रही हैं, उनके लहू को नदियों और गंगा जैसी पवित्र नदियों में बहाया जा रहा है, यह निंदनीय है।

सभी ने इस काम को रोके जाने की मांग की है। वहीं साधु संतों ने कहा है कि महाराष्ट्र के सीएम ने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया है। तो वहीं दूसरी तरफ असम में भी मांस पर पाबंदी लगा दी गई है। तो वहीं उत्तर प्रदेश में एक साधु सन्यासी के मुख्यमंत्री होने के बावजूद गौ माता के बारे में नहीं सोचा जा रहा है। साथ ही ज्ञापन सौंप कर गौ हत्या रोकने और इसके लिए सख्त कानून बनाने की मांग की गई है। कवि नगर रामलीला मैदान से शुरू हुई साधु संतों और संत समाज की पद यात्रा कलेक्ट्रेट पर जाकर समाप्त हुई। जहां अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

### कंप्यूटर बाबा बोले, जिस गंगा में गौ माता का खून जाता है, वहां कुंभ कैसे होगा

करंट क्राइम : दिगंबर अखाड़े के महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में साधु संत गाजियाबाद के कवि नगर रामलीला मैदान में बसों से दिल्ली से यहां आए थे। इसके बाद यह जिला मुख्यालय गए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कंप्यूटर बाबा ने कहा है कि जिस गंगा में गौ हत्या के बाद खून जाता हो, वहां महाकुंभ और कुंभ जैसे पवित्र आयोजन कैसे हो रहे हैं। उसे पानी में साधु संत कैसे उतरेंगे और कैसे वह स्नान करेंगे। इस दौरान महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने गौ हत्या बंद करने के साथ ही कठोर कानून बनाने की मांग की है। वहीं महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने कहा है कि जिस तरीके से जेहाद फैलाया जा रहा है और गौ माता को निशाना बनाकर उनकी हत्या, उनका व्यापार और उनसे मोटा पैसा अर्जित किया जा रहा है, इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। साथ ही इस दौरान चेतन मां ने कहा है कि सरकार को गौ हत्या करने वालों को फांसी की सजा और उनकी फैक्ट्री पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करनी चाहिए।



### साधु-संतों के हाथ में थे विरोध वाले बैनर-पोस्टर और लग रहे थे नारे



करंट क्राइम : गौ हत्या रोकने, गायों की सुरक्षा और गौ मीट तस्करी रोकने के लिए जहां कानून बनाने की आवाज उठ रही है। तो कवि नगर रामलीला मैदान से एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट जा रहे साधु-संतों ने हाथ में गौ माता की रक्षा और उनके वध रोकने के लिए कानून बनाने की अपील की तख्तियां थीं। इस दौरान साधु-संतों ने जमकर नारेबाजी की और पुलिस प्रशासन से कहा कि वह तस्करों को छोड़ ना जाए उन पर सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान एसीपी कवि नगर, एसएचओ कवि नगर योगेंद्र मलिक सहित कई चौकी प्रभारी व पुलिस बल साथ मौजूद रहा।

# ये केवल वोट दिलाने के नारे नहीं, समाज को एकजुट रखने का जीवन दर्शन है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बंटोगे तो कटोगे या एक हैं तो सेफ हैं। ये केवल वोट दिलाने के नारे नहीं हैं। ये समाज को पूरा एक जुट रखने का जीवन दर्शन है । सामूहिकता की शक्ति का संदेश है। समाज में जब भी कुछ बड़े परिवर्तन हुए हैं, वे तभी संभव हुए हैं जब समाज के अग्रणीय लोगों ने उस परिवर्तन को जीवन में व्यवहार में लाए। तभी लगभग सवार्नुमति बनी और पूरा समाज एकजुट होकर परिवर्तन के लिए तैयार हुआ।

मुझे आज भी याद है जब प्राइमरी में एक लकड़हारे का पाठ पढ़ाया जाता था। जिसमें वह अपने बच्चों को एकजुटता का संदेश देने के लिए एक लकड़ियों का गट्ठर तोड़ने के लिए देता है। लेकिन एक एक करके सारे बालक उस लकड़ियों के गट्ठर को तोड़ने में असफल रहते हैं। फिर वह गट्ठर को खोलकर एक एक लकड़ी तोड़ने के लिए देता है, तो सारे बच्चे अपनी अपनी लकड़ी को तोड़ देते हैं। तब वह अपने बच्चों को एकता और एक जुटता का संदेश देते हुए कहता है कि आप एक जुट रहोगे तो कोई आपको



**इस एकजुटता का वोट से आगे भी अर्थ है। उसको समझने और अपनी एकजुटता को व्यवहार में लाने की उससे भी बड़ी आवश्यकता है। हमारे समाज ने छुआछूत है, ऊंच-नीच है, अगड़े-पिछड़े का भेदभाव है। जातियों का भेद है।**

**अगर समाज समय रहते अपने बीच उत्पन्न सामाजिक बंटवारे के सारे भेदभावों को समाप्त नहीं करेगा तो फिर ये नारा भी अपनी प्रासंगिकता खो देगा।**

**इस एकजुटता का वोट से आगे भी अर्थ है। उसको समझने और अपनी एकजुटता को व्यवहार में लाने की उससे भी बड़ी आवश्यकता है। हमारे समाज ने छुआछूत है, ऊंच-नीच है, अगड़े-पिछड़े का भेदभाव है। जातियों का भेद है।**

हानि नहीं पहुंचा सकेगा और अलग अलग हो जाओगे तो इन लकड़ियों की तरह कोई भी आपको तोड़ने में सफल हो जाएगा।

इस एकजुटता का वोट से आगे भी अर्थ है। उसको समझने और अपनी एकजुटता को व्यवहार में लाने की उससे भी बड़ी आवश्यकता है। हमारे समाज ने छुआछूत है, ऊंच नीच है, अगड़े पिछड़े का भेदभाव है। जातियों का भेद है। अनपढ़ पढ़े-लिखे का, गांव और शहर का, अमीर और गरीब का भेद है। जब तक हम समाज के इन भेदभावों को समाप्त नहीं करेंगे तब तक एक रहोगे तो सेफ रहोगे का नारा केवल नारा ही बन कर रह जाएगा। अगर समाज समय रहते अपने बीच उत्पन्न सामाजिक बंटवारे के सारे भेदभावों को समाप्त नहीं करेगा तो फिर ये नारा भी अपनी प्रासंगिकता खो देगा।

जब देश में लोकतंत्र नहीं था। राजशाही थी या यों कहे गुलामी थी तब भी ये सामाजिक बंटवारे के ये सारे बिंदु समाज के अग्रणीय लोगों के लिए, महापुरुषों के लिए, संत फकीरों के लिए, आध्यात्मिक चेतना जगाने वालों के लिए उस समय चिंता का विषय थे। इसलिए समाज में एक जुटता के लिए संत महात्माओं ने, समाज सुधारकों ने और मानव की गरिमा को स्थापित करने की समझ रखने वाले लोगों सामाजिक भेद भावों को कुरीति बताया और इन्हें छोड़ने का संदेश दिया। एक घटना जो आदि शंकराचार्य के जीवन से संबंधित है। एक दिन काशी में वे कहीं जा रहे थे, सामने से एक चांडाल आ गया। उन्होंने कहा कि हट सामने से !! चांडाल ने सामने से जवाब दिया कि किसे हटने के लिए कह रहे हो ? इस शरीर को या जो इसमें ब्रह्म है, उसे हटने के लिए कह रहे हो। आदि शंकर ने चांडाल के पैर पकड़ लिए और कहा कि आप मेरे गुरु हो, आपने मुझे ब्रह्म के अस्तित्व का बोध करा दिया।

आठवीं सदी के महान संत आचार्य आदि शंकर ने जिस समाज को हर व्यक्ति में ब्रह्म का बोध कराया। उस समाज में 21 वीं सदी भी भेदभाव का गट्ठर अपने सर पर उठाकर चल रही है कितने दुर्भाग्य की बात है। इस समाज की इन विसंगतियों को समाप्त करने के लिए और भी कड़े प्रयासों की आवश्यकता है क्योंकि आज समाज को विभाजित रखने के प्रयास भी हो रहे हैं। समाज में कुछ लोग गत दिनों हुए भेदभाव को एक जख्म के रूप में प्रस्तुत करते और उन्हें कुरेद कर कटुता को बढ़ाने के प्रयास भी हो रहे हैं। हमें सभा सम्मेलनों से आगे भी जाना पड़ेगा और अपने व्यवहार से अपने आचरण से ये प्रमाणित करना पड़ेगा कि हम भेदभाव नहीं करते। तभी स्थाई एकता होगी।

## संपादकीय

# वित्तीय आधार को प्राथमिकता

शादी जीवन का अहम पड़ाव है। लेकिन अब प्राथमिकताएं तेजी से बदल रही हैं।। भारत में यात्रा, होटल, टेक्सटाइल और ज्वेलरी से जुड़े व्यापारियों को उम्मीद है कि 2024 के आखिरी दो महीनों में 5.9 ट्रिलियन रुपए का व्यापार होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में उछाल आएगा। शादी करने वाले अगर मां–बाप के साथ नहीं रह रहे हैं, तो हो सकता है कि उनमें से कई दंपति अपने पैसे मिलाकर खुद के लिए घर खरीदें। लेकिन विकसित देशों में मामला उल्टा है। वहां बहुत–सी शादियां रुकी हुई हैं क्योंकि जोड़ों ने फैसला किया है कि वे शादी करने से पहले घर खरीदेंगे। हाल ही में दिसंबर 2025 में होने वाली शादी का न्योता मिला। इतने पहले न्योते का कारण पूछने पर पता चला कि लड़का–लड़की एक दूसरे को जानते हैं और 2023 में उनकी सगाई हुई थी। तब से वे अपने वेतन से पैसा जोड़कर, घर खरीदने में निवेश कर रहे हैं। घर का 90% पेमेंट नवंबर 2025 तक हो जाएगा। हालांकि उन्हें घर 2025 मध्य में ही मिल जाएगा, फिर भी वे नए घर में बिना किसी कर्ज के प्रवेश करना चाहते हैं। अमेरिका में घरों की कुल बिक्री में कुंवारे जोड़ों की हिस्सेदारी 11 फीसदी से भी ज्यादा है। यह आंकड़ा पिछले कुछ सालों में बढ़ा है। एक सर्वे के मुताबिक, 2023 में करीब 5,55,000 लोगों ने शादी से पहले घर खरीदा। उनकी शादी में देर हुई क्योंकि उनके लिए घर खरीदना भी शादी जितना ही प्रतिबद्धता का मामला है। अपनी शादी टालने वाले जोडों ने सर्वे में कहा कि वे मैरिज सर्टिफिकेट के बजाय वित्तीय आधार को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे पूछते हैं, ह्यशादी के बाद भी जोड़े घर खरीदने पर ध्यान देते हैं, तो शादी से पहले ऐसा करने में क्या गलत है?ह्न कई जोड़े शादी में पारंपरिक उपहारों के बजाय डाउन पेमेंट के लिए मदद मांग रहे हैं। घर खरीदने और शादी करने की औसत उम्र भी बढ़ी है। यह पुरुषों के लिए 30.2 और महिलाओं के लिए 28.6 वर्ष हो गई है। दिलचस्प यह है कि जोड़े किसी कंपनी के पार्टनर जैसा व्यवहार कर रहे हैं। वे ऐसा घर खरीदते हैं, जिसे दो हिस्सों में बांट सकें। इनमें आमतौर पर दो फ्लोर होते हैं, ताकि शादी न टिकने पर वे अलग–अलग फ्लोर ले सकें। वकील इन दिनों ऐसे जोड़ों को वित्तीय जिम्मेदारियां बांटना सिखा रहे हैं। शादी करने जा रहे जोड़े दूसरे सवालों पर भी चर्चा कर रहे हैं, जैसे क्या एक मालिक के पास दूसरे का हिस्सा खरीदने का विकल्प होगा और अगर घर बेचने का फैसला लेते हैं तो कितने समय में रियल–एस्टेट एजेंट से संपर्क करना चाहिए ताकि घर बेचकर पैसे बांट सकें। चूंकि घर और शादी, दोनों 2019 से 2023 के बीच काफी महंगे हो गए हैं, विकसित देशों में शादी के बेहद निजी समारोहों का चलन बढ़ा है, जिसमें सिर्फ करीबी रिश्तेदार आते हैं। वे शादी के खर्च को बचाकर घर में निवेश कर रहे हैं, जिससे उन्हें वित्तीय रूप से सुरक्षित जीवन शुरू करने में मदद मिले। फिर वे बाद में, कुछ वर्षों तक दोस्तों के अलग–अलग ग्रुप को घर बुलाकर पार्टी देते रहते हैं और अहम पड़ावों पर पार्टी करते हैं, जैसे शादी के पांच साल होना।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तानाशाही शासक के तौर पर पहचान रखने वाले सद्दाम हुसैन के बारे में आपको यह नहीं पता होगा वह लेखक भी थे। सद्दाम ने Zabiba and the King नाम की किताब लिखी था, जो 2000 में प्रकाशित हुई।
- ताइवान में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां आने वाले कस्टमर को खाना टॉयलेट के आकार के बने एक स्टैंड पर दिया जाता है।
- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग–अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि कभी प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।
- घड़ी एक ऐसी चीज है जो हर जगह होती है। आप पार्टी कर रहे हों या मीटिंग में हों, समय की पाबंदी हर जगह होती है। इस नियम को तोड़ते हुए लॉसवेगास के एक कसीनो ने किसी भी तरह की घड़ी नहीं लगाई है। कसीनो के मालिक का मानना है कि यहां आप समय की पाबंदी के बिना मस्ती कर सकते हैं।
- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था. सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।
- जियोलॉजिस्ट चार्ल्स डार्विन ज्यादातर उन सभी जानवरों को खाते भी थे, जिनकी उन्होंने खोज की थी।
- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट के मामले से दूर रहें। खास लोगों से मुलाकात होगी। क्रोध पर संयम रखें। परिवार से सहयोग मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**वृष:** पदोन्नति के योग हैं। पुराने अटके काम पूरे होंगे। मान–सम्मान मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। अपनों के साथ संयम से व्यवहार करें। पुराना रोग उभर सकता है। बनते कामों में बाधा संभव है। गुस्से पर काबू रखें।

**कर्क:** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। रुके कार्य बनने लगेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम–जमानत के कार्य टालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** घर में मेहमानों का आना–जाना लगा रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कन्या:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला:** योजना फलीभूत होगी जिसका लाभ तत्काल नहीं मिलेगा। घर–बाहर पूछ–परख रहेगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। आलस्य का अनुभव होगा।

**वृश्चिक:** कोर्ट व कचहरी के मामले सुलझ सकते हैं। तंत्र–मंत्र में रुचि जागृत होगी। क्रोध न करें। उच्चाधिकारी संतुष्ट नहीं होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु:** परेशानी बढ़ने का समय है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों के भरोसे कार्य न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें।

**मकर:** तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आय के स्रोत बढ़ेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यवसाय ठीक रहेगा।

**कुंभ:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आलस्य हावी रहेगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ के पार होगा



**नई दिल्ली।** देश में मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो 8.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व चार वर्षों में वैश्विक दर 4.6 प्रतिशत से आगे निकल जाएगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस सेक्टर में विज्ञापन राजस्व 9.4 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 1,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत 6.7 प्रतिशत से 1.4 गुना अधिक है। इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा डिजिटल फ्रंट (इंटरनेट विज्ञापन) से आएगा। भारत में इंटरनेट विज्ञापन 15.6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक वृद्धि दर और वैश्विक औसत से 1.6 गुना अधिक है। दूसरी ओर, देश में ऑनलाइन गेमिंग और ई–स्पोर्ट्स सेक्टर 19.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ रहा है और 2028 तक 39,583 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इस बीच, देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म का राजस्व 14.9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, 200 अंक गिरा सेंसेक्स



**मुंबई।** मिश्रित वैश्विक संकेतों से बाजार की धारणा प्रभावित हुई और भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में एफएमसीजी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में, सेंसेक्स 200.66 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,508.46 पर बंद हुआ और निफ्टी 58.80 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,619 पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का शेयर 4 प्रतिशत तक गिर गया। कारोबार के अंत में कंपनी का शेयर 3.29 प्रतिशत या 83.15 रुपये की गिरावट के बाद 2,402 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा कि बाजार की धारणा मिश्रित वैश्विक संकेतों और हाल की नीति घोषणाओं के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेट एडजस्टमेंट से जुड़ी चिंताओं से प्रभावित थी। बाजार के जानकारों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेजी के बाद घरेलू बाजार में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। जानकारों ने बताया, श्मध्य पूर्व में तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेजी और भारत तथा अमेरिका के सीपीआई डेटा तथा इस सप्ताह ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों की सतर्कता ने शेयर बाजार की धारणा को प्रभावित किया। मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित गिरावट के बाद चीन से प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद में कैपिटल गुड्स और मेटल स्टॉक्स में कुछ खरीदारी देखी गई। निफ्टी बैंक 101.75 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट के बाद 53,407.75 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 294.15 अंक या 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,998.75 पर बंद हुआ।

## भारत में तेजी से बढ़ रहा उपभोग, कृषि विकास दर में भी वृद्धि जारी: रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कंज्यूमर कॉन्फिडेंस नवंबर में भविष्य के लिए आशावान हो गया है। वहीं, ग्रामीण मोर्चे पर कृषि सेक्टर की वृद्धि दर उज्जवल रही है, जो वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत रही है। यह जानकारी सोमवार को एक रिपोर्ट में दी गई। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की रिपोर्ट में बताया गया कि निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वृद्धि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 6 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रामीण मोर्चे पर कृषि सेक्टर एक ब्राइट स्पॉट रहा है। जुलाई–सितंबर अवधि में इस सेक्टर की वृद्धि दर 4 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 1.7 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मिट्टी की अच्छी स्थिति और बेहतर जलाशय स्तर के कारण अब तक रबी की बुवाई पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई है। चालू सीजन में रबी फसल की बुवाई का रकबा 411.8 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 428.28 हेक्टेयर (2 दिसंबर तक) हो गया है। बुवाई के रकबे में वृद्धि अच्छा संकेत है, क्योंकि इससे खाद्य उत्पादन में वृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## चुटकुले

सुबह–सुबह पत्नी नींद से उठते ही बोली, 'अजी सुनते हो?'
पति– 'बोलो! क्या हुआ?'
पत्नी – 'मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो।'
पति – ठीक है, तो वापिस सो जा और पहन ले।'

---

बंटू – जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, दिन–प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु – वो कैसे ?
बंटू – बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

---

टीचर – एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम बचे ?
बन्टू – 10
टीचर – अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
बन्टू – सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट को 1 मार्च 2026 तक पेट्रोलियम आयात करने के लिए सरकार से मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अदाणी समूह के आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी 1 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक हित में पेट्रोलियम आयात करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट (अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट लिमिटेड) के लिए 25 अगस्त, 2024 से 1 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए बंदरगाहों पर समुद्री मार्ग से भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अधिसूचना को आगे बढ़ाया जाता है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (एपीएसईजेड) के शेयर में सोमवार को एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखी गई। अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लॉन्च किया था। अदाणी समूह ने एक बयान में घोषणा की थी कि नई प्रणाली कंटेनर और बल्क कार्गो दोनों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करेगी और बंदरगाह पर कार्गो संचालन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।



# खो-खो विश्वकप के लिए आज से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर

## 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होंगे मैच



**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर मंगलवार से प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में शुरू होगा। शिविर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने , मानसिक मजबूती,अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

इस शिविर में अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विषेशज्ञों द्वारा पोल डाइविंग ,टैपिंग ,जिग जैग रनिंग,डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरूआत है। भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसमें खिलाड़ियों की चपलता और तकनीक पर फोकस होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर के पुरुष और महिला वर्ग दोनों के साठ-साठ प्रतिभाशाली खिलाड़ी, अनुभवी और नए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। जहां खिलाड़ी बिजली की तरह तेज रिफ्लेक्स, सटीक मूवमेंट और सहज समन्वय की तकनीक सीखेंगे। यह शिविर खिलाड़ियों को एक टीम के रूप में एक-दूसरे के साथ मिलकर कैसे मुकाबला जीता जाता है यह सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि विश्व कप के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लगभग 16 कोच और सहायक कर्मचारी खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी में सहायता करेंगे।



## इस खेल के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा

प्रशिक्षण शिविर में समन्वय, खेल अभ्यास, तकनीक, पोल डाइविंग और टैपिंग जैसे पीछा करने के कौशल, डोजिंग और जिग जैग रनिंग जैसे रनिंग कौशल आदि में विशेष प्रशिक्षण के साथ फिटनेस के स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के लिए केकेएफआई ने खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए एक खेल मनोवैज्ञानिक को भी नियुक्त किया है। वह खिलाड़ियों को चुनौतियों का सामना करने, दबाव को रोकने और मानसिक थकान से निपटने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान, आहार विशेषज्ञ और फिजियोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ खिलाड़ियों के प्रदर्शन, मानसिक दृढ़ता और स्वास्थ्य को अनुकूलित करने के लिए टीम भावना, सहयोग और आपसी समझ पैदा करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों के दौरान विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरूआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी जो प्रशिक्षण शिविर स्थल से 100 मीटर की दूरी पर है। सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000/-(बीस हजार रुपये) मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों के पोषण का विशेष प्रबंध किया गया है तथा प्रशिक्षण शिविर में उन्हें आहार, सूखे मेवे, जूस, शाकाहारी तथा मांसाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

# भारत के कुश मैनी ने अबू धाबी जीपी में ऐतिहासिक फॉर्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती

अबू धाबी, 9 दिसंबर (आईएएनएस)। कुश मैनी ने फॉर्मूर्ला 2 के 2024 सीजन में फिर से इतिहास रच दिया। इनविक्टा रेसिंग टीम ने एफ2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती, जिससे 24 वर्षीय यह खिलाड़ी जूनियर फॉमूर्ला के शिखर पर एफआईए कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाला पहला और एकमात्र भारतीय बन गया।

यह शानदार उपलब्धि कुश के लिए एक शानदार वर्ष में इजाफा करती है, जो पहले एफ2 पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीजन के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें हंगरी में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रमुख अभियान की दिशा तय की, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम - कैंपोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ हुआ।



अंतिम रेस के लिए, मैनी ने अबू धाबी में एक ठोस क्वालीफाइंग राउंड खेला, जिसके परिणामस्वरूप पी6 पर रहे और दोनों रेस में उनकी शुरूआत और भी बेहतर रही। उन्होंने अपने पहले लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और अपने पहले लैप में फीचर में 3 स्थान का फायदा हुआ ।हालांकि, उनके फ्लोर पर कुछ नुकसान के कारण उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर आना पड़ा, जबकि एक रुके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीजन को उच्च स्तर पर समाप्त करने की उनकी योजनाओं को बाधित किया।

मैनी ने इस शानदार उपलब्धि के बाद कहा, हमने जिस तरह से शुरूआत की, उसे देखते हुए यह वह साल नहीं था, जो मैं चाहता था, लेकिन फिर भी कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप सहित बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिली। इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मैं आगे क्या करने वाला हूं, इसका इंतजार कर रहा हूं और अगले साल के लिए तैयार हूं।"

यह ऐतिहासिक जीत न केवल भारतीय मोटरस्पोर्ट इतिहास में मैनी की जगह को मजबूत करती है, बल्कि चुनौतीपूर्ण लेकिन पुरस्कृत सीजन के दौरान उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को भी रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के अगले अध्याय की ओर देखते हुए, कुश वैश्विक मोटरस्पोर्ट मंच पर अधिक प्रतिनिधित्व की आकांक्षा रखने वाले राष्ट्र की आशाओं को लेकर चल रहे हैं।

# ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा ने कहा 'लक्ष्य उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना है'

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा पहली बार होने वाली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी टीम की अगुआई करते हुए ऐतिहासिक सफर पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी के इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं।



महिला एचआईएल के उद्घाटन के महत्व पर विचार करते हुए, नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हम वर्षों से इस तरह के मंच का इंतजार कर रहे थे, और अब जब यह आखिरकार आ गया है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीजन में जगह नहीं बना पाए और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाए। मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगी।"

ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नियुक्त की गई नेहा नई जिम्मेदारी लेने के लिए उत्सुक हैं। कप्तान के रूप में यह मेरा पहला बड़ा टूनार्मेंट है, और दबाव की भावना होने के बावजूद, मैं चुनौती के लिए उत्साहित हूं। मैं कुछ समय से भारतीय सेटअप का हिस्सा रही हूं, इसलिए मुझे पता है कि जब जरूरत हो तो कैसे आगे बढ़ना है। मैंने हमेशा नेतृत्व की भूमिकाएं अपनाई हैं, चाहे वह मेरे साथियों का मार्गदर्शन करना हो या मैदान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो। हमारी टीम अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से भरी हुई है, इसलिए मुझे उन्हें ज्यादा कुछ बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरा लक्ष्य उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करना और अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

अपनी शादी सहित हाल की व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद, नेहा अपने पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। अपने जीवन के दोनों पहलुओं को संभालना कुछ ऐसा है जो मैं सालों से कर रही हूं। मेरी शादी ने खेल के प्रति मेरे दृष्टिकोण को नहीं बदला है। मेरे पति अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं और समझते हैं कि हॉकी मेरे लिए कितनी मायने रखती है। इसलिए, अभी मेरा एकमात्र ध्यान एचआईएल पर है, और मैं अपना सबकुछ देने के लिए तैयार हूं।"

एचआईएल नीलामी में, नेहा को 10 लाख रुपये में खरीदा गया, जो खेल में उनके बहुमूल्य योगदान का प्रमाण है। हालांकि उन्होंने यह तय नहीं किया है कि पैसे का उपयोग कैसे करना है, लेकिन उन्हें युवा एथलीटों के विकास में योगदान देने की उम्मीद है।

# भारत को साझेदारी बनाने के क्षेत्र में सुधार करना होगा : हरभजन सिंह

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच के बाद, भारत और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर अपने विचार साझा किए। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट पर विचार करते हुए, उन्होंने भारत के प्रदर्शन और उन क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां भारत को सुधार करने की जरूरत है।




स्टार स्पोर्ट्स पर विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हरभजन सिंह ने दूसरे टेस्ट में भारत के लिए क्या गलत हुआ और भारत को आगामी टेस्ट मैचों में किस तरह से खेलना चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, एक क्षेत्र जहां भारत सुधार करना चाहेगा वह है साझेदारी। हमें बड़ी साझेदारियां करने की जरूरत है। एडिलेड में हमें अच्छी साझेदारी नहीं मिली, जिसकी वजह से हम बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बना पाए। अगर हमारे पास बोर्ड पर 300-350 रन हैं तो हमारे गेंदबाजों में उन्हें आउट करने की क्षमता है।

स्टार स्पोर्ट्स पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने पिंक बॉल टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर विचार करते हुए कहा, टीम इंडिया ने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, इसमें कोई संदेह नहीं है। भले ही यह बल्लेबाजी के लिए एक मुश्किल ट्रैक था, लेकिन उन्हें डेढ़ दिन से कम समय में आउट नहीं होना चाहिए था। इसलिए ब्रिस्बेन टेस्ट मैच के लिए इसमें सुधार करने की जरूरत है।

मैथ्यू हेडन ने एडिलेड में भारत के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भी अपनी राय दी। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंदबाजी औसतन काफी अच्छी थी। जब आप ट्रैविस हेड की शानदार पारी के बारे में सोचते हैं, तो 141 गेंदों पर 140 रन बनाना कुछ और ही होता है। कभी-कभी बल्लेबाजों की अपनी मर्जी चलती है।"

# 'जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारी दबाव में जवाब दिया वह बहुत बड़ी बात थी' : टिम पेन

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम की भारी दबाव में वापसी करने और एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद के टेस्ट में भारत के खिलाफ दस विकेट से जीत हासिल करने की क्षमता की प्रशंसा की।

पर्थ में पहले टेस्ट में 295 रनों से करारी हार झेलने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड ओवल में खेल के सभी पहलुओं में भारत पर दबदबा बनाया और पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।



कप्तान पैट कमिंस (2-41 और 5-57) और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (6-48 और 2-60), बल्लेबाज ट्रैविस हेड (140) और मार्नस लाबुशेन (64) ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत के मुख्य सूत्रधार थे, जो 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करता है।

मुझे लगा कि थोड़ी राहत मिली होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। हमने कुछ दिन पहले उन पर पड़ने वाले दबाव और लोगों द्वारा देखी जाने वाली प्रतिक्रिया के बारे में बात की थी। यह टीम कई बार कठोर व्यवहार वाली टीम है, लेकिन वे बेहतरीन टीमों में से एक हैं।" उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को छोड़कर सब कुछ जीता है और वे जानते हैं कि, उन्होंने इसके बारे में बात की है, यह वही है जिसे वे जीतना चाहते हैं। मुझे लगा कि जिस तरह से उन्होंने भारी दबाव में जवाब दिया वह बहुत बड़ी बात थी, हालांकि गुलाबी गेंद के टेस्ट में जहां हमारा रिकॉर्ड शानदार है और भारत को ऐसा देखने को नहीं मिलता है।"

पेन ने एसईएन रेडियो पर कहा, मुझे लगता है कि बड़े खिलाड़ी खड़े हुए, खासकर कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क - गुलाबी गेंद के जादूगर, ट्रैविस हेड कमाल के थे और मार्नस मुझे लगता है कि वाकई बहुत अच्छे थे। पेन ने पहले दिन लाइट्स के नीचे मुश्किल अंतिम सत्र को पार करने के लिए लाबुशेन और नाथन मैकस्वीनी की बल्लेबाजी के प्रयासों पर भी ध्यान दिया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 180 रन पर आउट करने के बाद 86/1 पर समाप्त किया।

# हेजलवुड की वजह से बोलैंड को छोड़नी पड़ सकती है जगह

**एडिलेड,9 दिसंबर।** ऐसा लगता था कि स्कॉट बोलैंड कभी भी दूर नहीं थे। एडिलेड में भारत के खिलाफ वह दो साल में पहला घरेलू टेस्ट खेले और उन्हें पहली ही गेंद पर विकेट मिल ही जाता अगर वह नो बॉल नहीं करते। जो वह पहली पारी में नहीं कर पाए वह उन्होंने दूसरी पारी में करके दिखाया, यह मैच में उनका पांच में से एक विकेट था और दर्शक इस पर उतने ही उत्साहित हुए जितना मिचेल स्टार्क की टेस्ट में बेहतरीन शुरूआत हो या फिर ट्रैविस हेड का शानदार शतक।

तब भी बोलैंड का कमबैक केवल एक मैच के लिए ही हो सकता है। पर्थ में पहला टेस्ट खेले जोश हेजलवुड एडिलेड में चोट की वजह से नहीं खेले थे और ऐसी उम्मीद है कि 14 दिसंबर से गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए वह तैयार रहेंगे।

बोलैंड के पिछले सीजन किसी स्टेज पर कोई रोल निभाने की उम्मीद थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पहली पसंद के तेज गेंदबाजों को किसी तरह की मुश्किल नहीं आई। पिछली बार वह 2023 एशेज में खेले थे, जहां एक समय उन्होंने अपने टेस्ट करियर में अड़चन पाई जब इंग्लैंड के बैजबॉल क्रिकेट ने उन पर आक्रमण किया जिसमें उन्होंने दो बार 4.91 रन प्रति ओवर से दिए और केवल दो विकेट लिए।

भारत भी एडिलेड में यही करने की कोशिश कर रहा था, जब नितीश कुमार रेड्डी ने पहली पारी में उनके एक ही ओवर में 21 रन जोड़े और ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में उन पर कुछ अजीबोगरीब शॉट खेले। टेस्ट के समाप्त होने पर बोलैंड का घर में रिकॉर्ड 13.54 की औसत से 33 विकेट है।

हेड ने एडिलेड में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा था, ऐसा लग रहा है कि स्कॉटी के साथ कुछ होने वाला है।

वह अपने पूरे टेस्ट करियर में शानदार रहे हैं। हमने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि यह अच्छा है कि हमारे पास कोई ऐसा है जो पूरी तरह से तैयार है। वह वापस आ सकता है और आप जानते हैं कि उसका क्या प्रभाव रहेगा। उसने हमारे लिए कुछ बड़े विकेट लिए हैं।




# 'हर सीरीज में एक विलेन की जरूरत होती है और सिराज अब वह विलेन है': क्लार्क

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अंपायरों से एलबीडब्ल्यू आउट होने की अपील किए बिना विकेट का जश्न मनाने की आदत के लिए जुमार्ना लगाया जाना चाहिए, और उन्होंने आईसीसी द्वारा उन्हें इसके लिए दंडित नहीं किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। सिराज एडिलेड में 140 रन पर आउट होने के बाद ट्रैविस हेड के साथ अपने सेंड-ऑफ विवाद के लिए सुर्खियों में रहे हैं। क्लार्क की टिप्पणी सिराज द्वारा मार्नस लाबुशेन के खिलाफ एलबीडब्ल्यू आउट होने पर अंपायर की ओर देखे बिना 'सेलिब्रेट' करने के उदाहरण की ओर इशारा करती है, लेकिन रीप्ले में गेंद का अंदरूनी किनारा बड़ा दिखाई देता है।

सिराज पर लगातार एलबीडब्ल्यू की अपील करने और अंपायर से न पूछने के लिए जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। वह बल्लेबाज के पैड पर गेंद मारता है और ऐसे भागता है जैसे वह आउट हो। मुझे आश्चर्य है कि आईसीसी ने उस पर जुमार्ना नहीं लगाया, क्योंकि मुझे याद है कि जब मैं खेल रहा था, तो हर बार जुमार्ना लगाया जाता था। ब्रेट ली इस मामले में सबसे खराब थे और उन्होंने उनसे कहा, 'अगर आप पीछे मुड़कर अंपायर से नहीं पूछेंगे, तो आप पर जुमार्ना लगाया जाएगा'। मैं सिराज से इस बात को लेकर उनसे और ट्रैविस हेड से ज्यादा चिंतित हूं। सिराज ने पहले टेस्ट में भी ऐसा किया था।

क्लार्क ने सोमवार को बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट शो में कहा, आप जो चाहें उसके लिए अपील कर सकते हैं, लेकिन आपको पीछे मुड़कर अंपायर से पूछना होगा। मुझे वास्तव में आश्चर्य है कि उस पर जुमार्ना नहीं लगाया गया। ट्रैविस हेड को भी सेंड-ऑफ देना, उसे बेवकूफ बनाने जैसा था। उस व्यक्ति ने अभी-अभी 140 रन बनाए हैं; किसी को सेंड-ऑफ दें जिसने पांच रन बनाये हों न कि 140।" ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट क्लार्क ने क्लार्क के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि सिराज की यह आदत हेड के साथ उनके शब्दों के आदान-प्रदान से कहीं बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि यह (हेड) घटना में जो हुआ, उससे कहीं ज्यादा बुरा है। और यह बात कई बार सामने आई और इस पर चर्चा हुई कि आप ऐसा नहीं कर सकते।



क्लार्क ने कहा, अंपायर काफी स्पष्ट हैं, और नियम भी, कि आपको पीछे मुड़कर सम्मान दिखाना होगा और अंपायर से पूछना होगा कि क्या यह आउट है। यह अच्छा नहीं लग रहा था, वह विकेट के नीचे भागा, आगे बढ़ा, 'यह आउट है' ... फिर जब उन्होंने रीप्ले दिखाया, तो उसने गेंद को अंदर की तरफ से अपने पैड पर मारा था। अगर मैं मैच रेफरी या अधिकारी होता, तो मैं कुछ इस तरह कहता, 'दोस्त, इसे रोकना होगा, क्योंकि यह अच्छा नहीं लगता और इससे अंपायर पर बहुत दबाव पड़ता है, वह भी अनुचित तरीके से।" ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में कई रिपोट्र्स में कहा गया है कि हेड और सिराज को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आईसीसी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, क्लार्क ने कहा कि उन्हें दोनों के बीच झड़प से कोई बड़ी समस्या नहीं है, हालांकि उन्हें लगता है कि इस घटना ने सिराज को बाकी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई जनता की नजर में खलनायक बना दिया है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# सिटी तथा कवि नगर जोन में चला अतिक्रमण हटाने का अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर से अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार कार्रवाई करा रहे हैं।



गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत सिटी जोन तथा कवि नगर जोन में अभियान चलाया गया। बुलडोजर के माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की गई। जोनल प्रभारी की उपस्थिति में प्रवर्तन दल के सहयोग से मार्गों के अतिक्रमण को हटाया गया। अवैध रूप से मार्गों पर रखे हुए जनरेटरों को भी हटाया गया, तथा जुर्माना वसूलने की कार्यवाही भी की गई, क्षेत्रवासियों से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ आवागमन को सरल बनाए रखने के लिए अपील की गई।







## कवि नगर में 82,000 तथा सिटी जोन में 1,20,000 का वसूला जुर्माना, जोनल प्रभारियों की रही सराहनीय भूमिका

**करंट क्राइम।** सिटी जोन के जोनल प्रभारी महेंद्र द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निरंतर अभियान चलाते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इसी क्रम में अंबेडकर रोड पुराना बस अड्डा चौधरी मोड़ पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया। कई कर शोरूम द्वारा अतिक्रमण अधिक किया हुआ था, उन पर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही भी की गई। 1,20,000 का जुर्माना सिटी जोन के अंतर्गत वसूला गया। कवि नगर जोन से आशुतोष द्वारा बताया गया शास्त्री नगर से लेकर महिंद्रा एंक्लेव तक कार्यवाही की गई जिसमें 82 हजार जुर्माना वसूला गया। पटरी व्यापारियों तथा दुकानदारों से पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की अपील की गई।

## बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कराने में व्यापारियों का मिल रहा है सहयोग : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर चल रही है जिसमें सभी जोनल प्रभारी की अहम भूमिका बनी हुई है। अभियान से पूर्व अनाउंसमेंट की कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है अतिक्रमण कई स्थानों पर इतने चरम पर है कि आवागमन भी बाधित हो रहा है जिसको देखते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं। व्यापारी वर्ग द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध निगम का सहयोग किया जा रहा है जो कि सराहनीय है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य तथा निर्माण की टीम भी मौके पर उपस्थित रही।




### ऐसा भाजपाई जिसने दी थी बधाई पर फोटो फेसबुक पर नही लगाई

सीन उस वार्ड में सबसे ज्यादा हार्ड हो रहा है और चुनाव तो हो जायेगा मगर यहां कई बरसों तक उलहाने वाले फसाने रहेगें। इस पूरे खेल में असली रेल मौहल्ले वालों की बन रही है। एक फोन आता है कि तुम्हे हमारी कसम वोट देना नही हैं और दूसरा फोन आता है कि आपको हमारी कसम है अगर वोट ना दिया। सूत और कपास का तो पता नही लेकिन फूलछाप जुलाहों में लठ पूरा पटक रहा है। एक दूसरे पर नजरे रखी जा रही हैं। मौहल्ले वाले वो भाजपाई वैसे तो हर मौके की फोटो फेसबुक पर डालते हैं मगर जैसी फोटो पड़ोस वाले मौहल्ले की मेंबर ने लगाई वैसी फोटो इस वाले मौहल्ले के भाजपाई ने नही लगाई। मौहल्ले वालों ने बताया कि वकील साहब तो बिल्कुल उसी अदांज में जाकर बधाई दी थी मगर उन्होने ये फोटो फेसबुक पर नही लगाई। भाजपाई ने ही कहा कि वो सबंधों का मान रख रहे हैं और पार्टी प्रोटोकाल का भी पालन कर रहे हैं। इस बात को इतना तूल मत दो भाई क्योंकि वो आफ्टर ऑल रहेगें ही मूल भाजपाई।

### सुनो हाथी ऐनी हॉऊ तुम ढूंढ कर लाओ दूध देने वाली कॉऊ

वैसे तो नीली सियासत का सीन अब ये है कि तुम्हारे हुस्न का हुक्का तो कब का बुझ चुका, ये तो हम ही हैं जो गुड़गुड़ाये जा रहे हैं। विधानसभा में सिंगल और लोकसभा में जीरो और उपचुनाव में जमानत जब्त वाला सीन चल रहा है। महावतों की जुबान बता रही है कि अभी भी मुलाकातों के रेट, चुनावी टिकट के सूटकेस की खुमारी से हाथी बाहर नही आया है। जनवरी का महीना आ रहा है और महावतों को पसीना आ रहा है। 15 साल के लिये तो सत्ता से बाहर रहना ही हैं और आगे बहना का क्या होगा ये किसी को नही पता। सुना है कि वहां तो मुलाकातों का दौर शुरू हो गया है और संडे को लखनऊ में बैठक भी हुई। बात जो बाहर निकल कर आई वो ये है कि सियासी मंदी के दौर से एलीफेंट कतई अंजान बन रहा है और साफ कह दिया गया है कि एनी हाऊ तुम दूध देने वाली काऊ लेकर आओ। बता दिया गया है कि हमारे पास आने के लिये जात बिरादरी का कोई बंधन नही और सुनो हमारे यहां रिलीजन का भी कोई मैटर नही है बस जो भी हाथी से ऐसोसिएट हो वो खाता पीता वर्ग मतलब आर्थिक रूप से सेट हो ।

### खुद की स्वीकार नही हुई अर्जी और पकड़ ली दूसरों की पर्ची

फूल वालों के यहां ताजपोशी की रस्म होनी है और इसके लिये फुल माहौल तैयार हो रहा है। फूल वालों को फील कराया जा रहा है कि तुम सच्ची में देवतुल्य हो। बूथ वाले के यहां ढोल बजाया जा रहा है। मडंल प्रधान का ताज ऐसा हो गया है कि कैबीनेट वाले अड़े पड़े हैं तो किसी के लिये लोकसभा वाले खड़े हैं। इन सबसे अलग एक कैटेगरी वो हैं जो खुद को प्रधान मान चुकी हैं और मडंल की टीम के नाम भी तय कर चुकी हैं। उनके कांफिडेंस को देख कर सीनियर भाजपाई ने ही नसीहत दी कि बाबा कह गये थे कि ओवर कांफिडेंस में नही रहना है। पुराने फूल ने कहा कि अरे तेरी खुद की तो मडंल वाली अर्जी स्वीकार नही हुई है और पर्ची तूने एक नही कई मडंलो की पकड़ ली है।

# पूर्व पार्षद मो. हाजी कल्लन ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वॉर्ड 34 पार्षद खुर्शीदा बेगम कल्लन ने सोमवार को 40 लाख की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इससे चूना भट्टी रोड, ए ब्लॉक व जी ब्लॉक की विभिन्न गलियों में नाली व सीसी रोड के निर्माण कार्य होंगे। पूर्व पार्षद मोहम्मद हाजी कल्याण ने बताया कि वार्ड 34 शहीद नगर में सड़क निर्माण कार्य हो रहे हैं जिसका उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर टेंट ना लगाए, जिस कारण सड़क टूटती है। यदि कोई ऐसा करता है तो उसको रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क रोज नहीं बनती इसकी देखभाल जनता की जरूरत है। उन्होंने कहा जितने भी निर्माण कार्य होते हैं मैं किसी से कमीशन नहीं लेता क्योंकि यदि कमीशन लूंगा तो बेस्ट कार्य कैसे कर पाऊंगा। इस अवसर पर अजीम मंसूरी, हाजी रमजानी, इलियास खान, शमीम खान, वसीम खान, बिट्टू भाई, माजीद खान, सबीर खान, मूसा, इदरीसी, खलील खान, नसीम खान, शनवाज, अजीत कुमार झा, सुरेश शर्मा, सूरज सिंह शेरा, अजाज खान, राशिद खान, साजिद कुरैशी, अफाक अंसारी, सलीम अंसारी, सहजाद सैफी मुस्तकीम कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# 12 लाख की शराब जब्त, कैंटर में छिपाकर पंजाब से बिहार ले जा रहे थे, क्राइम ब्रांच ने पकड़ा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे शराब तस्कर को पकड़ा है जो अक्सर पंजाब से बिहार शराब ले जाया करता था। इस बार इस के कैंटर से 210 शराब की पेटी बरामद हुई है। जिनकी कीमत करीब 12 लाख रुपए है। पुलिस के मुताबिक जिस कैंटर में यह शराब ले जा रहा था उसमें शराब को छुपाने के लिए उसके ऊपर खाद रखी हुई थी। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया की गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने थाना मधुबन बापू धाम क्षेत्र में अशोक नाम के शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जो कैंटर में शराब ले जाया जा रहा ले जा रहा था। गिनने पर पता चला है कि यह 210 पेटी है। जिनकी कीमत 12 लाख रुपए है। पुलिस के मुताबिक शराब पंजाब से बिहार जा रही थी। अशोक एक रेगुलर तस्कर है जो अक्सर हरियाणा या पंजाब से शराब को बिहार ले जाता है। हर चक्कर के इसको 25 हजार रुपए मिलते हैं। इससे पहले यह बनारस और चंदौली जैसे बिहार बॉर्डर पर पकड़ा जा चुका है। पुलिस अब इसके आका की तलाश कर रही है।

## न्यूज डायरी

### तीन किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

मोदीनगर, करंट क्राइम। तीन किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने किशोरों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की फफराना बस्ती कॉलोनी निवासी नीरज सिंह के पुत्र सौरभ, कहैन्या व रमेश चैहान के पुत्र तौलान तीन दिन पहले घर से लापता हो गए। बताया जा रहा है कि तीनों किशोर मोदीनगर रेलवे स्टेशन से गाजियाबाद जाने वाली ट्रेन में बैठ गए। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तीनों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### फर्जी मृत्यु प्रमाण के मामले में आरोपियों की तलाश शुरू

मोदीनगर, करंट क्राइम। 35 साल से लापता व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में अब निवाड़ी पुलिस ने नामजद आरोपियों के बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने सभासद सहित चारों आरोपियों को थाने पर बुलाया है। उपजिलाधिकारी द्वारा गठित जांच कमेटी ने भी अपनी जांच तेज कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति की अत्येष्टी में शामिल होने का दावा करने वाले 15 लोगों भी जांच के दायरे में आ गए है। उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता द्वारा गठित जांच कमेटी ने भी कस्बा निवाड़ी में इस मामले में ग्रामीणों के बयान दर्ज करने शुरू कर दिए है। इस मामले में एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि निष्पक्ष जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



मोदीनगर, करंट क्राइम। अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। गंभीर हालत में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव रोरी निवासी महिला लाली अपने पति महेन्द्र व बच्चों के साथ रहते है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### यूजर चार्ज को लेकर पालिका सभासदों को मनाने में लगी



मोदीनगर, करंट क्राइम। नगर पालिका परिषद द्वारा घर-घर कूडा कनैक्शन को लेकर अब पालिका व्यापारियों, सभासदों व आमजन के विरोध को देखते हुये पालिका के सभासदों को अपने पक्ष में करने की जुगत में लग गई है, वहीं पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली के समक्ष भी विरोध का यह मुद्दा कई संगठन उठा चुके हैं, जिसे लेकर पालिका प्रशासन, चेयरमैन व सभासदों के बीच गतिरोध बना हुआ हैं। गौरतलब हो कि पालिका ने घर- घर कूडा कलैक्शन को जिम्मा एक निजी कंपनी को दे दिया है। जिसके शुल्क के रूप में ठेली पटरी वालो से 100रुपए व प्रति घर 50रुपए की वसूली विभिन्न वार्डों में शुरू की गयी। वसूली को लेकर पहले व्यापरियों ने पालिका मुख्यालय पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जाहिर किया। पालिका के दर्जन भर सभासद वेदप्रकाश, सूबे सिंह, आदित्य चैधरी उर्फ बोबी, अंबरीश चौधरी, प्रवीण गुर्जर, दुष्यंत यादव आदि ने कर को गलत ठहराया और आगामी बोर्ड बैठक में इस कर का विरोध करने का निर्णय लिया। इस बावत पलिकाध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली, ईओ नरेंद्र मोहन मिश्र ने भी सभासदों से वार्ता की और कर विरोध को लेकर शीघ्र समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया।

### अधेड़ पर कुल्हाड़ी से हमला

मोदीनगर, करंट क्राइम। देर रात्रि गांव के तीन युवको ने शराब के नशे में एक अधेड किसान से गाली गलौच करनी शुरू कर दी, विरोध जताने पर उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर व छाती में गंभीर चोट आई हैं। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हापुड़ के अग्रसेन भवन में भजन संध्या का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गिरिराज महाराज के चरणों में समर्पित भव्य भजन संध्या का आयोजन हापुड़ के अग्रसेन भवन में किया गया। जिसमें गाजियाबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक भैया अमन एवं रमन ने अपनी प्रस्तुति दी। एक के बाद एक अनेक भजन गंगा में भक्तों को सराबोर कर आनंदित किया। प्रमुख भजनों में - समायजा नैनन में गोवर्धन महाराज, हम गिरिराज के बालक हैं गिरिराज हमारे पालक हैं, वृंदावन प्यारो वृंदावन आदि एक के बाद एक अनेक भजन प्रस्तुत कर भैया अमन और रमन ने भक्तों को मंत्र मुक्त किया।

### दिल्ली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 2024 का आयोजन

# गाजियाबाद के अजय प्रमुख ने जीता रेस वॉक में गोल्ड मेडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 2024, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली, ऑर्गेनाइज्ड एमएएडी, अंडर, एम ए एफ आई द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में 55 प्लस पुरुष वर्ग में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के अजय प्रमुख ने रेस वॉक (पैदल चाल) 5000 मीटर में गोल्ड मेडल प्रथम स्थान प्राप्त किया। अजय प्रमुख ने यह दौड़ 34 मिनट में तय की, और मास्टर एथलीट एसोसिएशन गाजियाबाद के सेक्रेटरी लिखी राम चौधरी ने 65 प्लस पुरुष वर्ग में हैमर थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया 33.34 मीटर, भाला फेंक डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगियों को नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप बेंगलुरु के लिए सिलेक्ट किया गया।

# राज्य कर विभाग में अधिकारियों ने ली भट्टा व्यापारियों की बैठक

## विभाग की ओर से रखी जा रही भट्टा पर नजर



### व्यापारियों को बिक्री के बिल जारी किए जाने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग में सोमवार को भट्ठा एसोसिएशन जनपद गाजियाबाद के लोनी मुरादनगर मोदीनगर के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भट्ठा व्यापारियों से कहा गया कि विभाग द्वारा भट्ठा व्यापारियों द्वारा किए जा रहे निर्माण में बिक्री पर नजर रखी जा रही है। ईंट निर्माण की क्षमता के हिसाब से टैक्स जमा कराया जाएगा। अपर आयुक्त ग्रेड-2, राज्य कर, गाजियाबाद जोन-द्वितीय गाजियाबाद ओपी तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। ओपी तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक भट्ठे की निर्माण क्षमता अलग-अलग होती है, जिसकी गणना इस आधार पर की जाती है कि भट्ठे के कितने निर्माण चक्र पूरे हो चुके हैं, भट्ठा कितनी घाटी और कितने रद्दे का है। विभाग की ओर से नजर रखी जा रही है कि किस भट्ठे का कौन-सा चक्र पूरा हो चुका है। इसी आधार पर ईंटों का निर्माण होता है। बैठक में भट्ठा व्यापारियों द्वारा सहमति दी गई कि उनके द्वारा नियम अनुसार कर जमा कराया जाएगा।

### बिल जरूर जारी करें व्यापारी

बैठक में व्यापारियों को निर्देश दिए गए कि वह अपनी बिक्री के बिल अवश्य जारी करें। बिल जारी करने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो उपभोक्ता द्वारा इसकी शिकायत 7235001729 पर फर्म का नाम व पता बताकर की जा सकती है। विभाग की ओर से व्यापारियों को इससे संबंधित स्टीकर दिए गए। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त सुजाता सिंह, संयुक्त आयुक्त अजय प्रताप सिंह, संगठन के अध्यक्ष कृष्णपाल आर्य, सूरज भल्ला, अशोक त्यागी, पंकज गुप्ता व जयवीर सिंह उपस्थित रहे।




### क्यों नहीं लग रहा है दो टू-स्टार का मन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एक लिस्ट आई थी। उस लिस्ट के बाद कमियनरेट वाले सिस्टम में कई चर्चाएं सुनाई दी थीं। वहीं अब सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों नदिया पार से देहात थाने में एक टू-स्टार आए थे। तो नदिया पार भी एक टू-स्टार को भेजा गया था। दोनों ही टू-स्टारों को थाने की हॉट सीट भी दी गई थी लेकिन बताया जा रहा है इलाके रास नहीं आ रहे हैं। वहीं सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट आए हुए हफ्ते भर से अधिक का समय हो गया लेकिन दोनों टू-स्टार खुद को एडजस्ट नहीं कर पा रहे हैं। बताया जा रहा है एक का मन नदिया पार की यादों के बीच घिरा हुआ है। तो दूसरा अभी नदिया पार वाले माहौल में खुद को ढाल नहीं पा रहा है। सुनने में तो यहां तक आया है दोनों की आदत और वर्किंग स्टाइल भी अलग-अलग हैं। इसीलिए दोनों ही थानों पर पहुंचे टू-स्टार अभी खुद को सेट नहीं कर पा रहे है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे जो देहात से नदिया पार पहुंचे थे, उन्होंने वहां खूब धमाल मचाया था। नए वाले इलाके में वह अभी रंग नहीं जमा पा रहे हैं। इलाका वाइल्ड है, तो यहां वह अड्डे भी नहीं है जो थाने को गुलजार रखते थे। सूत्र बता रहे हैं कि इलाका बदलने के बाद टू-स्टार के अंदाज और स्टाइल बदल गए हैं। तो वहीं नदिया पार पहुंचने वाले टू-स्टार भी अभी रंगीन दुनिया तक नजरें नहीं दौड़ा पाए हैं। अभी वह बॉर्डर वाली लाइन से लेकर छिनैती और चोरी रोकने के प्लान में लगे हुए हैं। वहीं रात को नौ बजे के बाद होने वाले कारनामों पर वह अभी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। माइक मोबाइल में उनका सफर बहुत ज्यादा हो रहा है। तो थाने के खेल और कहां उनको मेल करना है, इसकी भी वह जानकारी अपने पूर्व 15 बैच वाले मित्रों से लेने का प्रयास कर रहे हैं, पर सुनने में आया है कि उनकी जो पृष्ठभूमि तैयार की गई थी, उसपर खरा उतरना उनके लिए चुनौती हो सकता है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही टू-स्टार भी खुद को सेट करने में लगे हुए हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चाएं थम नहीं रही हैं। कोई इसके पीछे जुगाड़ वाला हाथ बता रहा है। तो कोई कुछ और कह रहा है। कुल मिलाकर आने वाले 20 दिनों के बाद मामला बहुत ज्यादा हाई होने वाला है। नए साल पर जो नजारे नदिया पार के होते है, उसे देखने बॉर्डर पार करके भी लोग आते हैं। देखना होगा कि टू-स्टार क्या मैनेजमेंट कर पाते हैं। वैसे वो मुलाकालों के इंतजाम में लगे हुए हैं।




# आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में हुआ कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के ई-सेल द्वारा ई-सेल आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय एंटरप्रेन्योर अवेयरनेस डिजाइन रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं वक्ता अभिषेक अग्रवाल (फाउंडर, ग्रीवा कैपिटल) एवं आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतीमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला में एमिटी, एकेजी, एबीईएस कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज मेरठ, रयान इंटरनेशनल स्कूल, विवेकानंद स्कूल, इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल एवं नारायणा ई- टेक्नो आदि स्कूल एवं कॉलेज से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा उद्यमशीलता एवं निवेश सम्बंधित प्रश्न भी पूछे गए जिनके जवाब अतिथि द्वारा दिए गए। सभी प्रतिभागी कार्यशाला में बड़े उत्साहित नजर आये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इन्द्राणी भट्टाचार्जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उपस्थित लोगों का धन्यवाद कर किया गया।

### गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, घर से तीन दिन से था लापता



**हापुड़।** हापुड़ के सिंभावली थाना इलाके के गांव बक्सर के जंगल में तीन दिन से लापता युवक का शव खेत में मिला। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों को जब मामले की जानकारी हुई तो उनमें अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने युवक की शिनाख्त करते हुए परिजनों के साथ फोरेंसिक टीम को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव बक्सर के जंगल में सोमवार की सुबह गन्ने के खेत में एक शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। वहां से निकल रहे ग्रामीणों को पास जाकर देखा। इसकी जानकारी तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

# हिंदुओं पर हो रहे हमले के बीच भारतीय विदेश सचिव पहुंचे ढाका, विदेश मंत्री उद्दीन के साथ की बैठक

**ढाका ।** बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ढाका के दौरे पर हैं। वह भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए सोमवार सुबह यहां पहुंचे। ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब इस साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। विक्रम मिस्त्री ने दोपहर के समय बंगलादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद जशीम उद्दीन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

अगस्त में शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के साथ ही नई कार्यवाहक सरकार और उसके प्रमुख मो. यूनुस ने भारत को निशाने पर लेना शुरू कर दिया। शेख हसीना के देश छोड़ने के साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न शुरू हो गया। लोगों के घर जलाए गए, हत्याएं हुईं और मंदिरों को भी निशाना बनाया गया। इस बीच इस्कॉन भी बांग्लादेश के निशाने पर आ गया।

कुछ संगठनों ने इस्कॉन को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग कर डाली। यहां तक कि कुछ दिनों पहले हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने चार दिसंबर को बताया था कि दोनों देशों के विदेश सचिव आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत करेंगे।



## द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर होगी चर्चा


अब इन सब चिंताजनक हालातों के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे हैं। दोनों देशों के विदेश सचिवों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा दोनों देशों के बीच स्थापित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) तंत्र में भाग लेकर द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है

# अमेरिका में वैध तरह से आने वालों की राह आसान करेंगे ट्रंप, अवैध प्रवासियों के खिलाफ जारी रखेंगे कड़ा रुख

**वॉशिंगटन ।**अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह पद संभालने के बाद अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने यानी देश से निकालने की योजना के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति कार्यालय) पहुंचने के बाद वह वैध तरीके से अमेरिका आने वालों की राह भी आसान कर देंगे।

ट्रंप अगर अपने बयान के हिसाब से ही आगे की योजना तय करते हैं तो इससे अमेरिका जाकर काम करने वाले भारतीयों को जबरदस्त फायदा होगा। ट्रंप ने कहा, ₹मुझे लगता है हमें यह करना ही होगा।

ट्रंप ने एनबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में अपनी अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकालने की योजना पर भी बात की। दरअसल, यहां उनसे पूछा गया था कि जो लोग चार साल से ज्यादा से अवैध तरह से अमेरिका में रह रहे हैं क्या वे उन्हें डिपोर्ट करने की योजना बना रहे हैं। इस पर ट्रंप ने कहा, आपके



पास कुछ नियम-कायदे होने चाहिए। वे लोग अवैध तरह से आ गए और कुछ लोग इस देश में आने के लिए पिछले 10 साल से ऑनलाइन हैं। उनके साथ यह अन्याय है। हम उन लोगों के लिए यहां आना बहुत ही आसान करने वाले हैं। खासकर टेस्ट पास करने के लिहाज से। उन्हें बस यह बताने के काबिल होना चाहिए कि स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी क्या है। उन्हें अमेरिका के बारे में थोड़ी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें हमारे देश से प्यार करना होगा।

ट्रंप ने आगे कहा, ₹हम ऐसे लोगों को अमेरिका में नहीं चाहते जिन पर हत्या के केस हों। अमेरिका में पिछले तीन साल में 13,099 हत्यारों को छोड़ा गया है। वे सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं। वे आपके और आपके परिवार के साथ चल रहे हैं। वे बेहद खतरनाक हैं। आप ऐसे लोगों को अपने देश में नहीं चाहेंगे।

रिपब्लिकन पार्टी के नेता ने कहा, ₹मैं यह कह रहा हूं कि हमें अपराधियों को देश से निकालना होगा। हमें मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों से निकाले गए लोगों को वापस वहीं भेजना होगा, फिर चाहे वह कोई भी देश हो।₹ इसी के साथ ट्रंप ने साफ किया कि देश से निकालने के लिए वह अवैध प्रवासियों में भी सबसे पहले अपराधियों को निशाना बनाएंगे और उन्हें डिपोर्ट करवाएंगे।

# प्रधानमंत्री को शक्तियां सौंपने के राष्ट्रपति के फैसले पर बिफरा विपक्ष, कहा- यह दूसरा तख्तापलट

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया में लगातार सियासी उथल-पुथल जारी है। यहां के हालात तब ज्यादा बदतर हो गए, जब तीन दिसंबर की रात राष्ट्रपति यून सुक-योल ने इमरजेंसी यानी मार्शल लॉ लगाने का एलान किया था। हालांकि, भारी विरोध के बाद कुछ ही घंटों बाद इसे समाप्त कर दिया गया था। हालांकि, इसके वाबजूद भी हालात सही नहीं हैं। अब यहां के विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी पर सत्ता पर काबिज होने तथा मार्शल लॉ के एलान के लिए राष्ट्रपति यून सूक योल पर महाभियोग चलाने से इनकार करके दूसरा तख्तापलट करने का आरोप लगाया।

### छह घंटे चले मार्शल लॉ ने बिगाड़े हालात

राष्ट्रपति यून सुक योल ने हाल ही में मार्शल लॉ (सैन्य शासन) घोषित कर दिया था, यह आरोप लगाते हुए



कि विपक्ष देश की लोकतंत्र और स्थिरता के लिए खतरा बन रहा है। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद, राष्ट्रपति ने इस फैसले को वापस ले लिया। यह कदम जनता के विरोध और नेशनल असेंबली की कड़ी आलोचना के बाद लिया गया था।

दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ केवल लगभग छह घंटे चला। हालांकि चंद घटों के लिए लागू हुए मार्शल लॉ ने देश की राजनीतिक को हिला कर रख दिया।

### यून पर महाभियोग लगाने में नाकाम रहा विपक्ष

राष्ट्रपति योल के इस फैसले के खिलाफ विपक्ष समेत देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। मार्शल लॉ के कारण विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्रपति यून पर महाभियोग लगाने का प्रयास किया। हालांकि, यह प्रस्ताव असफल हो गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के ज्यादातर सांसदों ने वोटिंग का बहिष्कार किया। वहीं, विपक्षियों ने कथित विद्रोह को लेकर यून और पूर्व रक्षा मंत्री सहित कम से कम नौ लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

**प्रधानमंत्री को सत्ता सौंपने पर सहमति :** राष्ट्रपति और कुछ शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह के लिए जांच की जा रही है।

# बशर अल असद ने रूस में ली शरण

**नई दिल्ली ।** सीरिया में 20 साल तक शासन करने वाले बशर अल-असद का शासन खत्म हो चुका है। 13 दिन के अंदर विद्रोही बलों ने अलेप्पो से लेकर हमा तक एक के बाद एक शहरों पर कब्जा किया और फिर राजधानी दमिश्क पर धावा बोल दिया। विद्रोहियों का यह अभियान कितना बड़ा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार-रविवार के बीच दमिश्क घेरने के बाद उसने दोपहर तक राजधानी पर कब्जा भी कर लिया। इसके बाद सीरियाई सेना के पास नेतृत्व की भारी कमी दिखी और उसके कई सैनिक बॉर्डर पार कर पड़ोसी देशों में शरण के लिए पहुंचने लगे। इस तरह विद्रोही बलों ने असद परिवार की 50 साल की सत्ता छीन ली।

विद्रोही संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोही संगठनों के दमिश्क पहुंचने के बाद सबकी जुबान पर एक ही सवाल रहा- आखिर बशर अल-




असद हैं कहां? रविवार सुबह रूस की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि असर किसी सुरक्षित ठिकाने की तरफ जा चुके हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनके विमान पर हमले की खबरें भी तेजी से वायरल हुईं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि उनका प्लेन क्रैश हो गया और असद की मौत से जुड़ी चचाएं भी सामने आईं। इस बीच रूस ने इन सभी अफवाहों पर लगाम लगाते हुए साफ किया कि असद और उनके परिवार को उसने शरण दी है।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर रूस ने गुपचुप तरीके से असद को कैसे निकाला? सीरियाई राष्ट्रपति ने सत्ता छोड़ने से पहले रूस को ही क्यों चुना? सीरिया में आखिर

### रूस ने असद को कैसे निकाला सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के प्रमुख रमी अब्दुररहमान के मुताबिक, बशर अल-असद शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ही सीरिया छोड़कर भाग निकले।

पश्चिमी देशों की क्या दिलचस्पी है? रूस और ईरान के लिए बशर अल-असद के सीरिया की सत्ता से हटने के क्या मायने हैं। आइये जानते हैं...

विमानन गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था के मुताबिक, दमिश्क एयरपोर्ट से एक इल्युशिन एयरक्राफ्ट ने ठीक उस वक्त उड़ान भरी, जब विद्रोहियों ने शहर पर कब्जा शुरू किया। हालांकि, यह एयरक्राफ्ट कहां जा रहा था, इसकी जानकारी नहीं दी गई थी।

अब्दुररहमान के मुताबिक, विमान को शनिवार रात को 10 बजे ही उड़ान भरनी थी। फ्लाइट रडार ने दिखाया कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही कार्गो विमान को दमिश्क के पूर्व में उड़ते देखा गया। इसके बाद वह उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ गया, जहां मध्य होम्स शहर के बीच विमान अचानक से नीचे आ गया। इसी बीच विमान का सिग्नल खो गया।

# सीरिया में राजधानी समेत बड़े शहरों पर जेहादियों का कब्जा

**दमिश्क ।** सीरिया में हालात बद से बदतर हो गए हैं। देश के ज्यादातर हिस्सों और राजधानी समेत बड़े शहरों पर अब जेहादी बागियों का कब्जा हो चुका है। राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस की शरण में भाग चुके हैं। सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। वहीं, विद्रोहियों द्वारा असद को देश छोड़ने पर मजबूर करने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिका ने रविवार को सीरिया के अंदर आईएसआईएस के दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि हमें इस बात की स्पष्ट जानकारी है कि इस्लामिक स्टेट चरमपंथी समूह, जिसे आईएसआईएस के नाम से जाना जाता है, सीरिया में खुद को फिर से स्थापित करने के लिए अभी के हालातों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। मगर हम ऐसा नहीं होने देंगे।

उन्होंने व्हाइट हाउस से कहा



कि उनकी सेना ने रविवार को सीरिया के अंदर आईएसआईएस के खिलाफ हमले किए। इसकी पुष्टि अमेरिकी सेना ने की कि उसके लड़ाकू विमानों ने इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों और ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि मध्य सीरिया में बी-52, एफ-15 और ए-10 सहित अमेरिकी वायु सेना के विमानों का इस्तेमाल कर 75 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों से लड़ने के लिए अमेरिका ने दक्षिण-पूर्व सीरिया में लगभग 900 सैनिकों की एक टुकड़ी को तैनात किया है। बाइडन ने यह भी कहा कि असम शासन का पतन न्याय का एक मौलिक कार्य है। उन्होंने कहा, 'यह सीरिया के लंबे समय से पीड़ित लोगों के लिए ऐतिहासिक अवसर का पल है।'

सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार कथित तौर पर मॉस्को पहुंचे हैं। उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से सियासी पनाह दी गई है।

सीरिया में पिछले कई दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। आखिरकार, सरकार इस्लामवादी हयात तहरीर अल-शाम (ळळर) समूह द्वारा असद परिवार के पांच दशक से अधिक शासन को चुनौती दिए जाने के 11 दिन बाद गिर गई। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा कर लिया, वो सड़कों पर गोलीबारी करके जीत का जश्न मना रहे हैं।

शीर्ष विद्रोही कमांडर अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने दमिश्क में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरे भाइयों, इस महान जीत के बाद पूरे क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है।'

### सीरिया में 2011 में शुरू हुआ गृह युद्ध

बता दें, गृह युद्ध 2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरूआत हुई थी। सीरिया के लोगों ने 10 साल से सत्ता में काबिज बशर अल-असद सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। इसके बाद 'फ्री सीरियन आर्मी' के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ

# असद के भागने और विद्रोहियों के कब्जे पर क्या बोली दुनिया

**नई दिल्ली ।** सीरिया से बशर अल-असद के भागने और विद्रोही संगठनों के देश के अधिकतर इलाकों पर कब्जे के बाद पूरी दुनिया की नजर इस क्षेत्र पर बनी हुई है।



दरअसल, सीरिया 2011 के बाद से ही तनावग्रस्त क्षेत्र रहा है, जहां विद्रोहियों ने बीते 13 वर्षों में बशर शासन के खिलाफ बड़े-छोटे स्तर पर जंग छेड़ रखी थीं। इस जंग में बशर शासन और विद्रोहियों के समर्थक के तौर पर अलग-अलग देशों के गठबंधन खड़े थे। हालांकि, सीरिया से असद के भागने के बाद अब इन सभी देशों ने अपने-अपने लिहाज प्रतिक्रियाएं दी हैं। आइये जानते हैं किस देश-संस्थान ने क्या कहा?

असद की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए अमेरिका अमेरिकी रक्षा मुख्यालय व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन व उनकी टीम हालात पर नजर बनाए हुए हैं और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ निरंतर संपर्क में हैं।

# तख्तापलट से शुरू हुए शासन का पांच दशक बाद तख्तापलट से ही अंत, बशर के पिता हाफिज 1970 में सत्ता में आए

**नई दिल्ली ।** सीरिया में 24 साल से राष्ट्रपति रहे बशर अल-असद के शासन का रविवार को अंत हो गया। बशर अलावी वंश के थे, जो मुस्लिम समुदाय में अल्पसंख्यक धड़ा है। असद परिवार ने सुन्नी बहुल सीरिया पर पांच दशकों से अधिक समय तक शासन किया। बशर के पिता हाफिज अल-असद 13 नवंबर, 1970 को तख्तापलट करके ही सत्ता में आए थे। रविवार को उनके परिवार के शासन का अंत ही तख्तापलट से ही हुआ।

सत्ता में आने के बाद हाफिज अल-असद ने सीरिया में एक नए युग की शुरूआत की थी। उन्होंने सेना और बाथ पार्टी के भीतर अपने वाफादारों का एक नेटवर्क बनाया था, जिसके बल पर वह तीन दशक तक सत्ता में रहे। 2000 में बशर अल-असद पेशे से नेत्र चिकित्सक थे। उनके पिता शासन के लिए अपने सबसे बडे.बेटे बैसेल को तैयार किया था। लेकिन



1994 में एक कार दुर्घटना में बैसेल की मौत ने हाफिज को अपने दूसरे बेटे बशर को चुनना पड़ा। वर्ष 2000 में हाफिज की मौत के बाद बशर सत्ता में आए। सीरिया के लोगों को उनसे बहुत उम्मीद थी। लेकिन धीरे-धीरे बढ़ती महंगाई और बिगड़ते आर्थिक हालात ने लोगों को निराश कर दिया। उसके बाद 2011 में बशर की सत्ता के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ, जो उनके सत्ता से बेदखल होने तक चला।

**गृहयुद्ध के 14 वर्षों में पांच लाख लोगों की मौत, आधी आबादी हुई विस्थापित :** सीरियाई गृहयुद्ध के 14 वर्षों में लगभग पांच लाख लोग मारे गए। देश की आधी आबादी विस्थापित हो गई। वर्ष 2011 में भड़का विद्रोह जैसे-जैसे गृहयुद्ध में तब्दील होता गया, लाखों सीरियाई लोग जॉर्डन, तुर्किये, इराक, लेबनान व यूरोप की ओर भाग गए। 34 वर्ष की उम्र में बशर अल-असद ने जब सत्ता संभाली तो लोगों को बेहतरी की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वह भी निरंकुश ही रहे।

**सीरिया के लोगों के लिए सत्ता परिवर्तन का नायक बना जुलानी :** बशर को सत्ता से बेदखल करने वाला 42 वर्षीय अबू मोहम्मद अल-जुलानी सीरियाई विद्रोही संगठन तहरीर अल-शाम का प्रमुख है।

# असद शासन खत्म करने के बाद विद्रोही संगठन के नेता का पहला भाषण, यह ऐतिहासिक जीत

**दमिश्क ।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के 24 साल लंबे शासन को महज दो हफ्तों के अंदर खत्म करने वाले विद्रोही संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के प्रमुख मोहम्मद अल-जोलानी ने अपना पहला भाषण दिया है। सीरिया के प्रमुख शहरों पर कब्जे को ऐतिहासिक जीत बताते हुए जोलानी ने कहा कि हमारी विजय पूरे इस्लामिक देश की विजय है। उसने दावा किया कि अब सीरिया का शुद्धिकरण शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि बशर अल-असद रविवार को ही सीरिया से भाग निकले। कुछ घंटों बाद उनके रूस में शरण लेने की खबरें सामने आई थीं। इस बीच सीरिया में एचटीएस ने दमिश्क को पूरी तरह कब्जे में ले लिया और इसके बाद देश के बड़े हिस्से में



लोगों और विद्रोहियों को जश्न मनाते देखा गया।

जोलानी ने असद का समर्थन करने वाले ईरान और लेबनान के हिजबुल्ला पर निशाना साधते हुए कहा, असद के नेतृत्व में सीरिया ईरानी महत्वाकांक्षाओं का गढ़ बन गया था, जहां सांप्रदायिकता अपने चरम पर थी।

### क्या है हयात तहरीर अल-शाम?

सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार के खिलाफ लड़ रहा विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम आंतकी संगठन अल कायदा की शाखा रहा है। अबू मोहम्मद अल-गोलानी के नेतृत्व वाला एचटीएस लंबे समय से इदलिब में प्रमुख ताकत रहा है। तहरीर अल-शाम को पहले जबात नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था। दरअसल, एचटीएस को अल-कायदा ने बनाया था ताकि यह सीरिया के गृहयुद्ध खत्म होने के बाद यहां की स्थिति का फायदा उठा सके। यह जल्द ही अपने मकसद में कामयाब भी हो गया । और इसने विद्रोही हमलों के साथ-साथ सेना और अन्य दुश्मनों के खिलाफ आत्मघाती बम विस्फोट किए। हालांकि, यह समूह धीरे-धीरे सीरिया और इराक में इस्लामिक स्टेट का कट्टर दुश्मन बन गया और अंततः 2016 में अल-कायदा से भी अलग हो गया। अमेरिका, रूस, तुर्किये और अन्य देशों ने तहरीर अल-शाम को आतंकवादी समूह घोषित किया है।

### एचटीएस प्रमुख ने क्या कहा?

अबु मोहम्मद अल-जोलानी ने रविवार को दमिश्क पर कब्जा करने के बाद एक वीडियो संदेश में कहा, ₹मेरे भाइयों यह जीत पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। उमाय्यद मस्जिद से टेलीग्राम के जरिए दिए अपने भाषण में जोलानी ने कहा, ₹आज सीरिया का शुद्धिकरण हो रहा है। यह विजय जेल में बंद लोगों के दर्द से पैदा हुई और मुजाहिद्दीनों ने उनकी जंजीरों को तोड़ दिया है।

# भाजपा महानगर की सक्रिय सदस्यता सूची हुई सार्वजनिक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत सोमवार को भाजपा के सक्रिय सदस्यों की सूची को भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा ने सत्यापन अधिकारी मुकेश सिंघल पूर्व अध्यक्ष मेरठ महानगर के साथ सत्यापित कर भाजपा के नेहरू नगर स्थित जिला महानगर कार्यालय पर अंतिम रूप दिया और सूची को चस्पा कराने का काम किया। पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के क्रम में बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला महानगर सत्यापन अधिकारी मुकेश सिंघल, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में सक्रिय सदस्य बनने के लिए जमा फॉर्म की जांच पड़ताल की गई। इसके उपरांत जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यों की सूची चस्पा करने की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिनमें से तकरीबन 2762 सक्रिय सदस्यों का सत्यापन होने के उपरान्त प्रथम चरण की सूची चस्पा की गई है। सूची चस्पा किए जाने पर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा के हवाले से जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि प्रथम चरण में अधिकांश फॉर्मो के सत्यापन होने के उपरान्त सक्रिय सदस्यों की सूची चस्पा करने की प्रथम चरण की प्रक्रिया आज पूर्ण हो गई है। इसमें सभी वरिष्ठ एवं प्रतिभावान कार्यकर्ताओं के साथ साथ हर वर्ग के लोगों को समाहित करने का काम किया गया है। सूची में रह जाने वाले शेष कार्यकर्ता अगली सूची में चस्पा कर दिए जाएंगे। सभी मंडलों में इस सूची की पीडीएफ भेज दी गई है। सभी अपने नाम की सही पुष्टि के लिए मंडल अध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी गिरीश अवस्थी से भी संपर्क कर सकते हैं। दूसरे चरण की प्रक्रिया में सूची में रह गए शेष नाम को जोड़ने का कार्य पूरा करते हुए इस प्रक्रिया को संपन्न कर सूची लखनऊ भेज दी जाएगी। वहीं से सदस्यता का केन्द्रीय सक्रियता संख्या का आबंटन किया जाएगा। सूची चस्पा किए जाने के दौरान अभियान सह संयोजक संदीप त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, ओम राजपूत, गिरीश अवस्थी, सोनू भाटी, आदि मौजूद रहे।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु करें आवेदन: डॉ.अखिलेश मोहन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद डॉ.अखिलेश मोहन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। इसके लिए जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों, निकटतम सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। लाभार्थी अपने निकटतम जनसेवा केन्द्रों पर आधार कार्ड के साथ आयुष्मान बनाये जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त लाभार्थी स्वयं beneficiary.nha.gov.in पोर्टल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। पंचायत सहायकों एवं सी०एच०ओ० के सहयोग से भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान जी चल रहे बीमार, हम जल्द कर रहे है उनके स्वस्थ होने की कामना? जैसे ही हमने उनका हालचाल जानने के किया मिलाया फोन? सामने से उनकी जगह सुनाई दी हमे युवा वाले डेढ़ा जी की टोन? इस आवाज को सुनकर हुआ हमे इस बात का एहसास, ये युवा चेहरा ही है उनका सबसे ज्यादा खास? नहीं तो आज के राजनीति के युग में कौन देता है किसी को फोन? जब दिल मिले हो, तभी सुनाई देती है ऐसी टोन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार के बंसल जी इस वक्त पूरी शिद्दत से निभा रहे है अपने पुत्र के लिए पिता होने का धर्म? वो पूरी शिद्दत से मार रहे है हथौड़ा? उन्हें पता है लोहा है अभी पूरी तरह से गर्म? वो अपने सन को रहे है अपने एरिया का नया भगवा कमिश्नर बनाने का प्रयास? उन्हें लग रहा है इस बार आसानी से हो जाएगा उनका काम? कोई करे ना करे उनकी मदद जरूर करेंगे पहलवान? वैसे भी बिरादरी को लेकर मिस्टर पहलवान हमेशा रहते है तैयार? यहाँ तो मामला गोत्र वाले भाई के बेटे का है? भला इस मामले में वो कैसे कर पायेंगे इनकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ज्ञानी वाले एरिया से इस वक्त आ रही रही असरदार सरदार की तरक्की की आवाज? सुना है या पर वो जमीन के एक बड़े टुकड़े को दाखिल खारिज करने का कर रहे है प्रयास? सुना है साइकिल चलाने वाला एक नेता कर रहा है उनके इस मामले को पूरी शिद्दत से डील? जल ही सरदार जी लैंडलॉर्ड वाली लेंगे फील? ऊपर वाले की उनपर हो रही है इस वक्त पूरी कृपा? जहाँ पर भी वो हाथ डाल रहे है, वहाँ से मिल रही है उनको पूरी वफा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम वाले इस वक्त स्वच्छ भारत मिशन पर कर रहे है काम? भरवा रहे है वो सभी पार्षदों से सफाई को लेकर ऑल इस वेल वाला फार्म? सुना है निगम की टीम ने नदिया पार के एक भगवा पार्षद से किया था इस फार्म को भरवाने का प्रयास? सुना है इस फार्म को देखकर पूरी राय से इन मेम्बर ने खड़े कर दिए थे हाथ? कह दिया था निगम वालों से स्पष्ट? जब तक मेरे एरिया से एक एक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक नहीं करूँगा फार्म पर साइन? भले ही आपको हो कितना ही कष्ट? मेम्बर के तेवर देख कर निगम वाले भी हो गए थे हैरान? मुश्किल हो गया है उनका अब भरवाना फार्म?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ब्रिज वाले एरिया के त्यागी जी है व्यक्ति बहुत ही खास? उनकी मजबूत मानी जाती है भगवा गढ़ में बात? पता चला है, उनके दिल में जाग रहे है इस वक्त नया कमांडर बनने के एहसास? दिल्ली के गलियारों में वो कर रहे है प्रयास? दे रहे है हर जगह वो ये ही संदेश? क्या इतना पुराना होने के बावजूद मंडल में ही रहेगा हमारा फेस? अगर इस बार नहीं मिला हमे महानगर अध्यक्ष वाले पद पर मौका? सच बता रहा हूँ वेस्टर्न लेवल पर जाने का मरूँगा में चौका? किसी भी सूरत में नहीं करूँगा मंडल वाली व्यवस्था स्वीकार? अब समय आ गया है कि बदला जाये हमारा किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गोविंद जी एरिया वाले रंजन भैया पर भी है इस बार हमारी नजर? क्या इस बार भी उनको घिसना पड़ेगा मंडल वाला मंजन? या पार्टी करेगी उनकी कोई फि कर? सुना है इससे पहले वाली ताजपोशी में भी किया था उन्होंने मुख्य टीम में आने का प्रयास? मगर उनकी मंडल पर मेहनत वाली गाथा ने बनने ही नहीं दी उनकी बात? कहने वाले ने कहा, अगर इस बार भी रहा पहले जैसा मोशन? फिर उम्मीद कम है कि भविष्य में हो पाएगा उनका प्रमोशन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आदिल भैया को क्षेत्र की जाता मानती है अपनी अमानत? सुना है इस वक्त हो गया है उनपर मुकदमा दर्ज? समस्या ये है कि वकीलों की हड़ताल की वजह से मिल नहीं पार रही उनको जमानत? हर रोज सताती है उनको इस बात की फि कर? कोई खाकी वाला चल ना जाए उनके उधर? रोजाना कर रहे वो हड़ताल के खत्म होने का इंतजार? आखिर मुकदमों के साथ किसको अच्छा लगता है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसलिए हम है गोयल साहब की सक्रियता के कायल? वो पार्टी के लिए चौबीस घंटे रहते है तैयार? आम हो या खास, सबसे शालीन रहता है उनका व्यवहार? सेवा करने में वो नहीं रखते है अपने स्वास्थ का ध्यान? प्राथमिकता में रहता है उनका पार्टी में काम? सोमवार को ठीक नहीं था उनके स्वस्थ का वजूद? उनकी कर्मठता तो देखा, फिर भी थे वो पार्टी के कार्यक्रमों में मौजूद?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो कर रहे इस बात का इंतजार? क्या अगले वाले संगठन में होगा भगवा अश्व वाले शर्मा , गूंजने वाले शर्मा और झकास वालों के नाम पर कोई विचार? कहने वाले ने कहा, हमारे इन तीनो भाइयों के अंदाज बहुत निराले है? पता चला है, कुछ ताकतें इनकी राह में लगा रही ताले है? पूरी ताकत से चल रहा है इन तीनो को रोकने का प्रयास? सच बताएँ इतनी तंगहाली में भी इन तीनो में से दो चेहरे देख रहे है अगला कमांडर बनने का ख़्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाइन पार के दो ओबीसी चेहरों ने कर लिया खुद को आईसोलेट? अब ये चेहरे नहीं ले रहे हैं किसी भी भगवा कार्यक्रम में कोई इंटरेस्ट? वो मान रहे हैं कि स्टे होम फ्रॉम पॉलिटिक्स इस बेस्ट? किसी और ही ओबीसी चेहरे के सिर पर सजेगा ताज? इसलिए क्यो करे अब हम दोनों अपना वक्त खराब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करने के लिए श्रम विभाग ने चलाया अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उच्चतम न्यायालय द्वारा 25 नवंबर 2024 को पारित किए गए आदेश के क्रम में जनपद के सभी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण कराये जाने का अभियान चलाया गया है, ताकि उन्हें श्रम विभाग द्वारा संचालित शिशु मातृत्व एवं बालिका सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, कन्या विवाह सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के साथ ही भविष्य में चलने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में हित लाभ दिया जा सके। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सौरभ भट्ट को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उनके द्वारा विभिन्न ट्रेड यूनियनों सहित हिन्द मजदूर सभा, भारतीय मजदूर संघ तथा सी0टू0 के साथ जिला प्रबन्धक, जन सेवा केन्द्र गौरव एवं श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके अंतर्गत आगामी दिनों में प्रतिदिन उफ्एऊअक अररडउक्अळक्कडठ के सहयोग से विभिन्न परियोजनाओं, निजी आवासीय योजना के साथ ही ट्रेड यूनियन के सहयोग से श्रमिक पंजीयन कैम्प, लेबर अड्डों पर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी के सहयोग ग्रामीण क्षेत्रों में यह कैम्प लगाए जाएंगे। इसी क्रम में सोमवार को जनपद गाजियाबाद में टी होम्स, टी एण्ड टी, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद, मे0 यूटोपिया टी एण्ड टी, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद, मे0 वी0वी0आई0पी0 मंगल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, मे0 मिगसन, राजनगर एक्सटेंशन, मे0 एम0सी0सी0 इण्डिया वेब सिटी, गाजियाबाद के परिसरों में श्रम प्रवर्तन अधिकारी संदीप कुमार सिंह, हंस राज, जितेन्द्र सिंह, डॉ0 रूपाली एवं सुश्री रीना द्वारा कैम्पों का आयोजन किया गया।



### आज निम्न स्थानों पर होगा पंजीकरण

**करंट क्राइम।** आज श्रमिकों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण के लिए लेबर अड्डों यथा विजय नगर, लेबर अड्डा संजय नगर पर कैम्प लगाए जाएंगे। इसके साथ ही आज प्रधानमंत्री आवास योजना मोहन नगर, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रताप विहार, वी0वी0आई0पी0 नमः गाजियाबाद, हिमालय सिटी सेन्टर राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, विकास प्राधिकरण के सहयोग से कंस्ट्रक्शन साईट मधुवन बापूधाम साईटों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा।

### उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने श्रमिकों का किया आह्वान

**करंट क्राइम।** उप श्रम आयुक्त, गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद अनुराग मिश्र द्वारा अपील की गई कि अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिक जो बैल्डिंग, राजमिस्त्री, प्लम्बर, टाईल्स लगाने वाले, बढई तथा इलैक्ट्रीशियन आदि का कार्य करते हैं, वह भी उक्त स्थलों, लेबर अड्डों पर प्रातः 08 :30 बजे तथा निर्माण स्थलों पर दोपहर 12 बजे उपस्थित होकर 80/- रुपए शुल्क के साथ ही आधार कार्ड, बैंक खाते की छायाप्रति, 90 दिन कार्य का स्वघोषणा प्रमाण-पत्र, मोबाइल नम्बर तथा 02 फोटो के साथ उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकते हैं। जनपद के अन्य निर्माण श्रमिक जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, जनपद के किसी भी जन सेवा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण/नवीनीकरण करा सकते हैं।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा में 9 दिसंबर 2024 को जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद एवं महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद का संयुक्त रूप से जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी एवं महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और उनके त्याग व बलिदान को देखते हुए सभी समुदाय के लोगों एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर एकता का परिचय दिया। जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी की पत्नी गोल्डी त्यागी ने भी रक्तदान किया। वरिष्ठ प्रदेश महासचिव डॉक्टर संजीव शर्मा, पूर्व में प्रत्याशी लालमन भाई आशुतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी नसीम खान, आरिफ भाई उपरोक्त सभी ने रक्तदान किया। उपस्थित रहे रक्तदान लेने वाली संस्था डीएस चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा कैंप लगाकर जिला कांग्रेस कमेटी मुख्य कार्यालय में व्यवस्था की गई थी। उनके मुख्य रूप से डॉक्टर डॉ वरुण शर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। खबर लिखे जाने तक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में 41 यूनिट ब्लड लिया जा चुका है, उसके अलावा मोटा गांव में भी एक रक्तदान शिविर लगाया गया है जहां पर अभी खबर लिखे जाने तक 18 यूनिट कलेक्ट हो चुका है और अभी रक्त दान का शिविर चल रहा है। महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, राजेंद्र शर्मा, राजाराम भारती, आशुतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र शर्मा, विजयपाल चौधरी, त्रिलोक सिंह, सुमित हापुर, अरुण कुमार, मनोज कुमार, गौतम, भूपेंद्र कुमार, राजेंद्र शर्मा, बिजेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजाराम भारती, विजयपाल चौधरी, डॉक्टर नसीम कुमार, सुरेंद्र शर्मा, अरविंद त्यागी, अमित शर्मा, पवन शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सतीश शर्मा, पूर्व मंत्री सोनल नगर कासिम भाई, रितेश कुमार, योगेश एडवोकेट, चंद्रपाल, आशीष प्रेमी, सूर्यकांत, एससी एसटी जिला अध्यक्ष हिमायू की प्रेम प्रकाश चीनी, रितेश बलराज चावड़ा, हुमायूं मिर्जा, नरेंद्र चौहान, हरपाल सिंह, संजीव शर्मा, सलमान वीर सिंह, उम्मीद शर्मा, सलीम सैफी, आरिफ सरताज, महताब खान आदि उपस्थित रहे।

## सुशीला बालिका इंटर कॉलेज में पुरातन छात्रा सम्मान समारोह आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुशीला बालिका इंटर कॉलेज गाजियाबाद के मुकंद हाल में पुरातन छात्रा सम्मान समारोह 7 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया। नगर की जानी-मानी वरिष्ठ चिकित्सक विद्यालय की पुरातन छात्रा डॉ मधु पोद्दार मुख्य अतिथि के रूप में विराजित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉक्टर रिचा सूद ने प्रधानाचार्या डॉक्टर अनुपम भारद्वाज के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय की छात्राओं ने संगीत शिक्षिका प्रीति त्रिगुणायत के निर्देशन में सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया। विद्यालय की 20 पुरातन छात्राओं ने अपने अनुभव विद्यालय परिवार के बीच साझा किये। प्रबंधक अनुराग सिंघल ने सभी पुरातन छात्राओं को



सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। छात्राएं अपने पुराने विद्यालय में आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही थी और बेहद उत्साह में थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शैली तिवारी ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार ने अपना भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ अनुपम भारद्वाज ने सभी अतिथि छात्राओं का आभार व्यक्त किया। सभी पुरातन छात्राएं उच्च पद पर होकर राष्ट्रीय और समाज की सेवा का दायित्व निभा रही हैं और विद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।

# हिन्दू जागृति अभियान की बैठक में पहुंचे प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** आईटीएस कॉलेज ऑडिटोरियम में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा जन जागृति अभियान का शुभारंभ करने मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ पहुंचे जिनको सुनने के लिए संगठन के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने हिंदुओं को एक होने की प्रेरणा दी और कहा कि स्नातन कभी पैदा नहीं हुआ तो समाप्त कैसे होगा जो लोग समाप्त करने की बात करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, संस्कार उपवन संस्थापक संत नवनीत प्रिया दास, पतंजलि योगपीठ मोदीनगर सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्यदेव, आर्य विद्याकुलम के कुलाधिपति आचार्य योगेश भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने सभी आए हुए कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने की और 15 दिसंबर से घर-घर जाकर हिन्दू समाज को संगठित करने का उद्देश्य है। आयुष त्यागी काकड़ा ने बताया कि आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे निरंतर अत्याचार। हमारे देश में भी कहीं पत्थरबाजी हो रही है कहीं आगजनी हो रही है। इसके उपरांत महानगर अध्यक्ष विशाल त्यागी ने कार्यकर्ताओं से अभियान को प्रत्येक हिन्दू परिवार तक पहुंचाने की अपील की। इस बैठक में मोहित, पुष्कर त्यागी, सुशील प्रजापति निशांत, बबलू, नवनीत, नीरज शर्मा, सूरज, आकाश, शुभम, संजीव, मोनू, हरित, प्रशांत, मुकेश, बंटी, शुभम, मनीष, अंकित, अमित, अवनीश प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**Ashwani Sharma**
1h

महर्षि विश्वविद्यालय नोएडा द्वारा आयोजित "Be The Face Of Innovation & Change" कार्यक्रम में Eminent Guest के रूप में किए सम्मान से अभिभूत हूं..... 🙏
धन्यवाद विश्वविद्यालय टीम🙏



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये एक फेस है जिसका अपना एजुकेशनल बेस है। शिक्षा के फील्ड में एक अलग पहचान बनाई है। ये गाजियाबाद के लिए भी गौरवमयी अनुभूति का पल है। भाजपा नेता और शिक्षक अश्वनी शर्मा को महर्षि विश्वविद्यालय नोएडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एमिनेंट गेस्ट के रूप में सम्मानित किया गया। एक शिक्षक के लिए शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के मंच पर सम्मानित होने से बड़ी कोई खुशी नहीं होती। अपनी इस खुशी को अश्वनी शर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।